




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 09 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 21 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# चुनाव में भाजपा का फोकस महिला वोटर्स पर, दो सिलेण्डर मिलेंगे मुफ्त

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं घोषणा, होली- दिवाली पर महिलाओं को मिलेगा तोहफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चुनावी माहौल में केन्द्र की मोदी सरकार का फोकर इस बार महिला वोटर्स पर है। पिछले दिनों रसोई गैस में 200 रुपए कटौती करने के बाद उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया गया है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को नॉर्मल सिलेण्डर से 500 रुपए कम में रसोई गैस मिल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चुनावी महौल में महिला वोटर्स को लुभाने के लिए मोदी सरकार दो सिलेण्डर मुफ्त देने की योजना बना रही है। उज्ज्वला योजना के तहत होली व दिवाली में महिलाओं को एक एक सिलेण्डर मुफ्त दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा सीधे महिलाओं को कनेक्ट करने वाला हो सकता है।





चुनाव से पहले भाजपा महिला वोट बैंक को साधने के लिए रसोई गैस सिलेंडर की कीमत कम करने और उज्ज्वला योजना के तहत वर्ष में दो मुफ्त सिलेंडर देने को मुद्दा बनाएगी। पार्टी ने दलितों और महिलाओं के बीच आगामी कार्यक्रमों में इसे बड़े तैयारी के साथ पहुंचाने की योजना बनाई है। मोदी सरकार ने अगस्त में रसोई गैस सिलेंडर 200 रुपये सस्ता किया था। वहीं उज्ज्वला योजना के सिलेंडर की कीमत को 400 रुपये कम किया गया। उसके बाद 4 अक्टूबर को मोदी कैबिनेट की बैठक में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपये और कम किए हैं। इस तरह उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को राजधानी रायपुर व भिलाई दुर्ग में 675 रुपए में रसोई गैस मिल रहा है।

यूपी सरकार कर रही है योजना पर अमल उत्तर प्रदेश सरकार उज्ज्वला योजना की महिला लाभार्थियों को दो सिलेंडर मुफ्त देने की योजना पर अमल करने जा रही है। पहला मुफ्त सिलेंडर इस दिवाली से पहले देने की योजना है। प्रदेश में योजना के करीब 1.75 करोड़ लाभार्थी हैं। अगले वर्ष से होली और दीपावली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा।

पार्टी की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को साधने के लिए सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इन सम्मेलनों में इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया जाएगा। पार्टी के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सभी जिलाध्यक्षों को इस मुद्दे को प्रमुखता से जनता के बीच रखने को कहा है।

### पेट्रोल-डीजल की दरों में हो सकती है कमी

रसोई गैस के साथ ही सरकार पेट्रोल व डीजल की कीमतों में भी कमी की जा सकती है। चुनाव को देखते हुए रसोई गैस के बाद अब बारी पेट्रोल व डीजल की है। देश में फ्लिहाल पेट्रोल डीजल की कीमत 100 रुपए के पार है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित अन्य शहरों में पेट्रोल की कीमतें अपने उच्चतम स्तर पर है। अब जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हैं और आने वाले चार पांच माह बाद लोकसभा चुनाव की भी घोषणा होनी है। ऐसे में माना जा रहा है कि केन्द्र सरकार जल्द ही पेट्रोल डीजल पर भी लोगों को राहत दे सकती है।

## खास-खबर



### यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, उजड़ गया पूरा परिवार, 5 लोगों की मौत

**नोएडा ( एजेंसी )।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात वैन में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात करीब 1 बजे रबूपुरा थानातंर्गत इलाके में नोएडा से जेवर की ओर जीरो पॉइंट से 25 किलोमीटर दूरी पर एक ईको वैन नंबर डीएल 3 सीसी 7136 में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा तीन बच्चे घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि वैन में सवार सभी लोग दिल्ली से झारखंड जा रहे थे। ग्रेटर नोएडा से जेवर की ओर जाने के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस द्वारा मृतकों का पंचायतनामा भर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पहले हमास को करेंगे पूरी तरह तबाह, फिर गाजा में लागू होगा 'नया शासन'

**यरुशलम ( एजेंसी )।** इजरायल ने एक बार फिर गाजा पट्टी के उन इलाकों को निशाना बनाकर बमबारी की, जहां फिलिस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा गया था। इसके अलावा, इजरायल की सेना ने लेबनान की सीमा से लगे इजरायली शहर को खाली कराना भी शुरू कर दिया, ताकि वह गाजा पर जमीनी की तैयारी कर सके। इस बीच इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि गाजा में आतंकी समूह हमास का सफाया करने के बाद सेना की गाजा पट्टी में लोगों के लिए कोई प्लान नहीं है। मगर, यहां पर एक तरह का नया शासन लागू किया जाएगा। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने देश के सांसदों को जानकारी देते हुए यह टिप्पणी की। यह पहली बार है, जब किसी इजरायली नेता ने गाजा के लिए अपनी दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की।

रक्षा मंत्री गैलेंट ने कहा कि इजरायल को उम्मीद है कि हमास के साथ उसके युद्ध के तीन चरण होंगे। इसका मकसद हमास की सरकारी और सैन्य क्षमताओं को नष्ट करके उसे पूरी तरह तबाह कर देना है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना पहले हवाई हमलों और जमीनी युद्ध के साथ गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला करेगी। इसके बाद प्रतिरोध वाले क्षेत्रों पर काबू पाया जाएगा। इस तरह अंत में यह गाजा पट्टी में लोगों के जीवन की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएगी। हालांकि, गैलेंट ने कहा कि गाजा में 'नई सुरक्षा व्यवस्था' लाने के बाद ही ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि यह मिलिट्री कैंपेन इजरायल के लोगों के लिए न्यू सिक्योरिटी रियलिटी को स्थापित करेगा जो कि मौजूदा हालात में बहुत जरूरी है।

# भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या, बदमाशों ने घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में शुक्रवार को अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेता की हत्या कर दी। बदमाशों ने शुक्रवार देर शाम भाजपा नेता के घर में घुसकर गोली मारी और फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। घटना को नक्सली एंगल से भी जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। मामला औंधी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार



औंधी थाना क्षेत्र के सरखेड़ा में शुक्रवार देर शाम कुछ अज्ञात बदमाश सरखेड़ा निवासी भाजपा नेता बिरजू तारम के घर पहुंचे। घर में घुसकर बदमाशों ने बिरजू तारम की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना को किसने अंजाम दिया इसकी जांच की जा रही है। वहीं पुलिस मामले को नक्सली एंगल से भी देख रही है। मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।


विधानसभा चुनाव 2023 आदर्श आचार संहिता लगी हुई है और ऐसे समय में भाजपा नेता की हत्या से राजनीति भी गर्म है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इसे टारगेट किलिंग कहा है। कार्यकर्ताओं शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे। इस तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या से हम डरने वाले नहीं हैं। वहीं पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा है कि मोहला-मानपुर के आदिवासी भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या कर एक बार फिर भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश की जा रही है। मैं शोक-संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या का हिसाब लिया जाएगा।

# नक्सलियों की डीआरजी जवानों से मुठभेड़, दो नक्सली ढेर, हथियार बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल क्षेत्र कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा में डीआरजी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। जवानों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी जवानों के साथ नक्सलियों की यह मुठभेड़ शनिवार सुबह करीब आठ बजे हुई। राज्य पुलिस बल की एक इकाई, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। जिले के धुर नक्सल क्षेत्र कोयलीबेडा में पहले से घात




लगाए नक्सलियों ने फायरिंग खोल दी। इसके बाद डीआरजी जवानों ने मोर्चा संभाला। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली फरार हो गए। गोलीबारी रुकने के बाद जवानों ने सर्चिंग शुरू की।

सर्चिंग के दौरान डीआरजी जवानों को दो नक्सलियों के शव मिले हैं। यही नहीं शव के पास से नक्सलियों ने एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल सहित अन्य हथियार व गोला-बारूद बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हुई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी की ओर से कहा गया है मृत नक्सलियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। वहीं आसपास के क्षेत्र में जवान तलाशी अभियान में लगे हुए हैं।+

# बालगृहों की हालत जेलों से भी बदतर, हाईकोर्ट ने कहा- भोजन के साथ ताजी हवा और रोशनी की भी दरकार

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बालगृहों की स्थिति पर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी के बाल गृहों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार ही नहीं, बल्कि उन्हें सूरज की रोशनी, ताजी हवा की भी दरकार है। यहां की स्थिति जेलों से भी बदतर है। यह मौलिक अधिकारों का हनन है। कोर्ट ने कमियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई पर महिला एवं बाल विकास विभाग यूपी के प्रमुख सचिव अवलोकन कर बच्चों की संख्या, बालगृहों की संख्या बताएं। साथ ही सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी व्यक्तिगत हलफनामा पर प्रस्तुत करें।



यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने सुधार के लिए कुल नौ बिंदुओं पर सुझाव दिए हैं। कहा है कि इनपर तुरंत अमल किया जाए। कोर्ट ने आदेश में बालगृहों का निरीक्षण करने वाले न्यायमूर्ति अजय भनोट का नाम भी दर्ज किया है। कोर्ट ने कहा है कि न्यायमूर्ति के निरीक्षण में कई कर्मियों का पता चला। इस उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। कोर्ट कहा कि जब तक बालगृहों के लिए एक मानक नहीं बनाया जाता तब तक इनको ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाए, जहां खेल के मैदान समेत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

### कर्मचारियों की कुशलता पर सवाल

कोर्ट ने कहा कि बालगृहों में तैनात पर्यवेक्षक या कर्मचारी प्रशिक्षित नहीं हैं। इससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों के खाद्य पदार्थ सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए कई वर्षों से बजट आवंटन में संशोधन नहीं किया गया है। इसका भी बच्चों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि बालगृहों में शैक्षिक सुविधाएं बढ़ाई जाएं। व्यावसायिक प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की जाए। बच्चों को आसपास के स्कूलों में दाखिला कराया जाए।

# सवाल को छोड़ सवालिये पर तान दी बंदूक

श्रीकंचनपथ




तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने संसद में एक सवाल उठाया। इस पर पिछले लगभग एक सप्ताह से जमकर हो-हल्ला हो रहा है। पर यह हंगामा सवाल या उसके मेरिट को लेकर नहीं है। शोर-शराबा इस बात पर हो रहा है कि महुआ ने एक उद्योगपति हीरानंदानी से पैसे और उपहार लेकर यह सवाल पूछा है। जिस देश में सांसद या विधायक बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता न हो, वहां अधिकांश सांसद और विधायकों के पास इस तरह के लोग होंगे ही, जिनके सलाह-मशविरे पर वह काम करेगा। वैसे भी जनप्रतिनिधि एक क्षेत्र विशेष का प्रतिनिधि होता है, कोई विषय विशेषज्ञ नहीं। अखबारों में छपने वाली भ्रष्टाचार की खबरों के बारे में भी यही कहा जा सकता है। एक ठेकेदार की चुगली दूसरा ठेकेदार करता है तभी बात सामने आती है। पुलिस भी अधिकांश मामले अपराधी और पूर्व अपराधियों की सूचनाओं पर ही हल कर पाती है। इसी तरह किसी उद्योगपति की अंडर-द-टेबल हरकतों को जितनी आसानी से एक दूसरा उद्योगपति ताड़ लेता है वह किसी सरकार के बस का नहीं होता। महुआ के विवाद का जिक्र खास इसलिए की तलवारें दोनों तरफसे खिंची हुई हैं। पिछले दस सालों में जो एक बड़ा परिवर्तन देश में आया है वह यह कि कुछ नेता बेखौफ हो गए हैं। अब उन्हें केन्द्र या केन्द्र की एजेंसियों का डर नहीं लगता। वो आंखों में आखें डालकर सवाल पूछते हैं। ऐसे लोगों का मीडिया पर से भी भरोसा उठ चुका है। वे अब सीधा एक्स पर बातें करते हैं। एक्स अब बड़े लोगों का फेवरिट मंच हो गया है जहां वे न केवल भड़ास निकालते हैं बल्कि लोगों को इतना मसाला दे देते हैं कि चंद पंक्तियों की सूचना चार कॉलम की खबर बन जाती है। महुआ मामले में तो एक वास्तविक एक्स का भी रोल सामने आया है। इस पूरे घटनाक्रम के सूत्रधार हैं सुप्रीम कोर्ट के लॉयर जय अनंत देहाद्राई। महुआ ने कहा है कि अनंत देहाद्राई एक तिरस्कृत प्रेमी हैं जो अपनी खीझ निकाल रहे हैं। अब आते हैं सवाल पर। हीरानंदानी ने महुआ की मदद जिस सवाल को पूछने के लिए की थी, वह सवाल अदानी समूह को लेकर था। इस मामले में महुआ ने सीना ठोंक कर कहा है कि अदानी के खिलाफ संसद में सवाल उठाने के लिए वे सुचेता दलाल, शार्दुल श्रॉफ और पल्लवी की मदद लेती थीं। वे फाइनेंशियल टाइम्स, न्यूयॉर्क टाइम्स और बीबीसी के पत्रकारों के भी सम्पर्क में रहती थीं। आखिर पुख्ता जानकारी हासिल करने के लिए कई स्रोतों का इस्तेमाल करने में गलत क्या है? यदि सवाल में दम है तो सरकार को उसका जवाब देना चाहिए। सवाल बेबुनियाद है तो उसे रिजेक्ट कर पूछने वाले के खिलाफ कार्रवाई करे। देश की शीर्ष अदालतें भी ऐसा ही करती हैं। पर यहां तो सवाल को डस्टबिन में डाल कर सवालिए पर ही बंदूक तान दी गई है।




## संपादकीय

### कनाडा से तनाव

भारत के दोटूक आदेश के बाद अपने राजनयिकों को वापस बुलाने के सिवा कनाडा के पास और कोई रास्ता नहीं था। हालांकि, उसने भारत के इस रुख को 'वियना कन्वेंशन' के विरुद्ध बताया है, मगर जस्टिन ट्रूडो सरकार यह शिकायत करते समय भूल गई कि भारत के ऊपर खुद उसके प्रधानमंत्री ने बगैर किसी पुख्ता सबूत के न सिर्फ गंभीर आरोप लगाए, बल्कि उनको दोहराया भी और दूसरे देशों के साथ आपसी वार्ता में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की। क्या ओटावा राजनय के इस दस्तूर से भी गाफिल है कि परस्पर देशों में राजनयिक उपस्थिति समान रहती है? इसलिए नई दिल्ली ने इस कायदे के पालन की मांग करके कुछ भी अनुचित नहीं किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम से कनाडा को तो सख्त संदेश मिला ही है, प्रकारांतर से इसमें अन्य देशों के लिए भी साफ पैगाम है कि नई दिल्ली आतंकवाद के मुद्दे पर किसी किस्म की कोताही को स्वीकार नहीं करने वाली। भारत में मौजूद या भ्रमण कर रहे अपने नागरिकों के लिए कनाडा ने जो एडवाइजरी जारी की है, वह खिसियानी बिल्ली के खंबा नोचने से ज्यादा महत्व नहीं रखती, क्योंकि भारत एक मेहमाननवाज तहजीब वाला देश है।

> जस्टिन ट्रूडो की राजनीतिक बाध्यता चाहे जो भी हो, वह एक साथ किसी आतंकी के हिमायती और मानवाधिकार के पैरोकार नहीं बन सकते। जिस निज्जर की हत्या पर वह इतना बड़ा कूटनीतिक जोखिम मोल ले बैठे, उस पर बेहद संगीन आरोप थे।

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संदर्भ में प्रधानमंत्री ट्रूडो की अपरिपक्व बयानबाजी से दोनों देशों के रिश्ते अपने निचले स्तर पर पहुंच गए थे, और द्विपक्षीय रिश्तों का तकाजा यही था कि आपसी बातचीत से इसे और कटु होने से रोका जाता। अक्टूबर की शुरुआत में जब कनाडा के प्रधानमंत्री ने यह कहा था कि वह भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहते, तब ऐसा लगा कि ओटावा अपनी गलतियों का मुदावा करने को तैयार हो रहा है और चीजें शायद जल्द ही पटरी पर लौट आएं। नई दिल्ली में आयोजित जी-20 समूह के देशों की संसदों के अध्यक्षों के पी-20 सम्मेलन ने उसे एक मौका भी मुहैया कराया था, मगर इसमें शिरकत न करके कनाडा ने न सिर्फ एक अच्छा अवसर गंवाया, बल्कि नई दिल्ली की आशंकाओं को और बल दे दिया। जस्टिन ट्रूडो की राजनीतिक बाध्यता चाहे जो भी हो, वह एक साथ किसी आतंकी के हिमायती और मानवाधिकार के पैरोकार नहीं बन सकते। जिस निज्जर की हत्या पर वह इतना बड़ा कूटनीतिक जोखिम मोल ले बैठे, उस पर बेहद संगीन आरोप थे। बहरहाल, बेहतर तो यही होगा कि दोनों देश स्थिति को बदतर होने से रोकें। कनाडा भारतीय मूल के लोगों का एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है और बड़ी संख्या में वहां लोग रहते-काम करते हैं। इसका लाभ दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिल रहा है। फिर ये दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और मानवाधिकारों के मुखर प्रवक्ता भी, लेकिन ओटावा को यह समझना होगा कि भारत विरोधी तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह बनकर वह नई दिल्ली से उदारता की अपेक्षा नहीं कर सकता। अपनी धरती पर भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ सक्रिय तत्वों पर उसे लगाम लगानी ही होगी। अब यह शीशे की तरह साफहो चुका है कि आतंकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई आधी-अधूरी प्रतिबद्धता से नहीं जीती जा सकती। इसलिए, यह खुद कनाडा के हित में होगा कि वह कट्टरपंथियों को अपने यहां प्रश्रय न दे। आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने वाले देशों ने इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकाई या चुका रहे हैं, इसे ओटावा भी अच्छे से जानता है। इसलिए अपनी संप्रभुता की दुहाई, दूसरे की अखंडता की कीमत पर कभी नहीं स्वीकारी जाएगी!

## महिला रोजगार का ये हाल!

यह आंकड़ा चौंकाने वाला- और संभवतः आहत करने वाला भी है कि नियमित वेतन वाली नौकरियों के दायरे में भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं। ताजा आंकड़ा 2022-23 का है। चार साल पहले यानी 2018-19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी। श्रम शक्ति में भागीदारी का अर्थ उन लोगों से होता है, जो या तो नौकरी में हों, या नौकरी की तलाश में हों। इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया जाता, जिन्हें नौकरी की जरूरत ना हो, या जिन्होंने नौकरी मिलने की संभावना से निराश होकर इसे ढूंढना ही छोड़ दिया हो। ताजा आंकड़े सरकार की आवधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट से सामने आए हैं। ये आंकड़े हाल में जारी किए गए। इस सर्वे में अपना कोई काम-धंधा कर रहे लगे लोगों को भी रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की श्रेणी में गिना गया है। इस आधार पर बेरोजगारी घटने और महिलाओं-पुरुषों दोनों की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ने का दावा किया गया है। बीते हफ्ते इस बात का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया। लेकिन जब एक अंग्रेजी अखबार ने वेतनभोगी कर्मियों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी दर का विश्लेषण किया, तो विपरीत तस्वीर सामने आई। सूरत यह उभरी कि 2019-19 के बाद से लगातार श्रम शक्ति में वेतनभोगी नौकरी वाली महिलाओं की संख्या गिरी है। पीएलएफएस का यह आंकड़ा गौरतलब है कि देश के कुल कामकाजी लोगों में 57.3 प्रतिशत लोग स्वरोजगार में हैं, लेकिन महिलाओं के बीच यह संख्या 65.3 फीसदी है। बहरहाल, सरकारी दावे के मुताबिक मान लिया जाए कि स्वरोजगार भी रोजगार है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वरोजगार वाले लोगों की औसत आय क्या है। खुद पीएलएफएस बताता है कि 2022-23 में स्वरोजगार वाले व्यक्तियों की औसत मासिक आय 13,347 रुपये थी। इतनी रकम पर जिंदगी गुजारने वाला परिवार आखिर किस वर्ग में आएगा और उसके उपभोग का स्तर क्या होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सार यह है कि आंकड़ों के हेरफेर से खुशहाली की तस्वीर सिर्फ सुर्खियों में पेश की जा सकती है- जबकि आंकड़ों के बारीक विश्लेषण से उसकी पोल खुल जाती है।

## भाजपा का दक्षिण का प्लान बेपटरी

भारतीय जनता पार्टी का दक्षिण भारत के पांच राज्यों का प्लान बेपटरी हो गया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भाजपा ने बैकफुट पर है और उसे समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करना चाहिए। तभी कई स्तर पर डैमेज कंट्रोल शुरू हुआ है हालांकि उसका कोई फायदा भी होता नहीं दिख रहा है। भाजपा ने पिछले दिनों कर्नाटक में जेडीएस के साथ तालमेल किया तो ऐसा माना गया कि यह मास्टरस्ट्रोक है, जिसका कांग्रेस के पास जवाब नहीं होगा। लेकिन यह तालमेल उलटा पड़ गया है। भाजपा और जेडीएस दोनों के अंदर बड़ा विवाद है। जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष सीएम इब्राहिम ने पार्टी के विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ जाने का ऐलान किया। अब एचडी देवगौड़ा परिवार को उनको पार्टी से निकालेगा। दूसरी ओर भाजपा के वोक्कालिगा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा इस तालमेल को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

इससे पहले भाजपा ने तेलंगाना के लिए बड़ी महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी। हैदराबाद नगर निगम में पार्टी के बड़े नेताओ ने प्रचार किया था और भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ी थी। इससे सत्ता विरोधी माहौल बना था। लेकिन अचानक किसी अज्ञात कारण से भाजपा पीछे हट गई, जिसका नतीजा यह हुआ है कि तेलंगाना में उसकी बनाई सत्ता विरोधी लहर का फायदा कांग्रेस को होता दिख रहा है। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि वह मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी के साथ परोक्ष तालमेल जारी रखे या चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ तालमेल करे।

> निःसंदेह इस समय देश में महंगाई को लेकर चुनौतियां मुंह बाएं खड़ी हैं। पिछले माह सितंबर के दौरान ज्यादातर समय कच्चे तेल का दाम 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहा है। अब ये और बढ़ कर 94 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का करीब 80 फीसदी आयात करता है, अतएव वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के तेजी से बढ़ते हुए मूल्यों के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका है।

# चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य में महंगाई की फिक्र

जयंतीलाल भंडारी

केंद्र सरकार ने कहा कि इस समय त्योहारी मौसम के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। सरकार ने हाल ही में मूल्य स्थिर रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसके तहत सरकार ने अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है चाहे वह व्यापारिक नीति हो या स्टॉक सीमा मापदंड तय करने का पैमाना हो। सरकार का यह वक्तव्य ऐसे समय में आया जब इन दिनों हमास-इस्राइल युद्ध, कच्चे तेल उत्पादक देशों द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ते हुए ऊंचे स्तर पर पहुंचने तथा वैश्विक खाद्यान्न संकट से दुनियाभर में महंगाई बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। यद्यपि इसी माह अक्टूबर, 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक भूराजनीतिक व आर्थिक चुनौतियों के दौर में तेज महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

चूंकि महंगाई शहरी मध्यम वर्ग को अधिक प्रभावित करती है, अतएव आगामी चुनावों में महंगाई के मुद्दे के मद्देनजर सरकार द्वारा महंगाई नियंत्रण सरकार की बड़ी चिंता बन गई है। यह चिंता इसलिए भी दिखाई दे रही है क्योंकि पिछले दिनों विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ने की चुनौती पैदा हुई है। रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 फीसदी रहने का अनुमान प्रस्तुत किया गया है, पूर्व में प्रस्तुत महंगाई के अनुमान से नया अनुमान अधिक बताया गया है।



हाल ही में 16 अक्टूबर को प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में -0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। पिछले माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होना प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई, 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त, 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बार सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है।

गौरतलब है कि 6 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। दरअसल, जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है।

निःसंदेह इस समय देश में महंगाई को लेकर चुनौतियां मुंह बाएं खड़ी हैं। पिछले माह सितंबर के दौरान ज्यादातर समय कच्चे तेल का दाम 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहा है। अब ये और बढ़ कर 94 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का करीब 80 फीसदी आयात करता है, अतएव वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के तेजी से बढ़ते हुए मूल्यों के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका है। जहां दुनिया के बाजारों में गेहूं, दाल और चावल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं चीनी की कीमतें तो 12 साल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। इसी माह अक्टूबर, 2023 में त्योहारी मांग बढ़ने से गेहूं, अरहर की दालों व अन्य खाद्यान्नों के दाम बढ़ने लगे है। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर को सरकार द्वारा प्रकाशित खाद्यान्न उत्पादन आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022-23 में गेहूं का उत्पादन अनुमानित लक्ष्य से 20 लाख टन घटकर 11.05 करोड़ टन रहेगा, दालों का उत्पादन पिछले वर्ष 2.7 करोड़ टन से घटकर 2.6 करोड़ टन और चावल का उत्पादन भी घटकर 13.57 करोड़ टन होने का अनुमान है। ऐसे में गेहूं और दालों की कीमतें बढ़ने की आशंकाएं सामने हैं।

निःसंदेह, देश में बढ़ती कीमतों के कारण बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। केंद्र सरकार ने विगत 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटाकर बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने महंगाई के कारण ब्याज दर को न बदलते हुए पूर्ववत् रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया है। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई गयी थी, वह अब तक जारी है। सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए 1200 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया है। प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया है। सरकार ने 25 अगस्त से उबले चावल के निर्यात पर भी 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है।

दरअसल, गेहूं और चावल की बढ़ती कीमतों को काबू करने की कोशिश में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सरकार ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के जरिये रियायती दर पर गेहूं और चावल दोनों बेच रही है। इसी तरह सब्जियों, दालों और तिलहन के दाम काबू में रखने के लिए भी उपाय किए गए हैं। 25 सितंबर को निर्धारित हुआ है कि दाल के थोक व्यापारी या बड़ी रिटेल चेन अधिकतम 50 टन तुअर और 50 टन उड़द स्टॉक में रख सकेंगी। वहीं सभी खुदरा व्यापारियों के लिए यह सीमा पांच-पांच टन की होगी। दाल आयातक पोर्ट से दाल मिलने के बाद अधिकतम 30 दिनों तक ही दाल को अपने पास रख सकेंगे। आगामी 31 दिसंबर तक दाल के स्टॉक नियम का पालन करना होगा।

यद्यपि महंगाई के नए आंकड़ों से महंगाई नियंत्रित दिखाई दे रही है। लेकिन दुनिया के चुनौतीपूर्ण भूराजनीतिक और युद्धपूर्ण परिदृश्य के मद्देनजर महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है। खासतौर से गेहूं के दाम नियंत्रण के लिए खुले बाजार में मांग की पूर्ति के अनुरूप इसकी अधिक बिक्री जरूरी है। आटा मिलों को अधिक मात्रा में गेहूं देना होगा। साथ ही गेहूं के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दिए जाने की जरूरत है। यह भी ध्यान में रखा जाना होगा कि इस वर्ष सरकार 341 लाख टन के मुकाबले किसानों से 262 लाख टन गेहूं ही खरीद पाई है। यह भी ध्यान रख जाना होगा कि एक अक्टूबर तक सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक करीब 240 लाख टन था जो पिछले 5 साल के औसत करीब 376 लाख टन से की कम है।

देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। सरकार द्वारा खुदरा महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूप से एक ऐसी मूल्य नियंत्रण समिति का गठन करना होगा, जो बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव को देखते हुए कीमतों के अनियंत्रित होने से पूर्व ही मूल्य नियंत्रण के कारगर कदम उठाने के लिए तत्पर रहे।

**लेखक अर्थशास्त्री हैं।**

# पंचशील और बड़े देशों से शांति की आशा नहीं

जे बी कृपलानी, वरिष्ठ नेता व सांसद

हमारे प्रधानमंत्री ने अरब देशों को सलाह दी है कि वे इजरायल को अनदेखा न करें। इजरायल ने भी यह स्पष्ट कह दिया है कि वह अपना और अधिक विस्तार नहीं करना चाहता। हम चाहते हैं कि अरब देशों और इजरायल के बीच आसानी से कोई समझौता हो जाए। ...एशिया और अफ्रीका के कम विकसित देशों को इजरायल से कुछ सीखना चाहिए। इजरायल की कृषि सहकारी समितियों और श्रमिक आंदोलन का तरीका हमारे लिए अनुकरणीय है। अरब देश भी इजरायल से सहायता और राय ले सकते हैं। ...

पंचशील की बात लीजिए, तो इस महान सिद्धांत का जन्म ही पाप में हुआ था। इस सिद्धांत का जन्म ही ऐसे समय में हुआ था, जब हमने नैतिक रूप से एक गलत चीज का समर्थन किया था। हमने पंचशील का प्रस्ताव ही तब रखा था, जब तिब्बत जैसे प्राचीन और स्वतंत्र देश की स्वतंत्रता का अपहरण हुआ था और हमने उसका अनुमोदन किया था। ...प्रधानमंत्री पंचशील की बड़ी दुहाई देते हैं, लेकिन रूस और चीन ने तिब्बत, हंगरी और यूगोस्लाविया जैसे छोटे-छोटे स्वतंत्र देशों के मामलों में इस सिद्धांत को धता बता दिया है। उन्होंने पंचशील के सभी सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी। मैं एक हद तक यह तो समझ सकता हूं कि रूस यूगोस्लाविया पर इसलिए नाराज है कि मार्शल टीटो रूस को भूमध्य सागर तक नहीं फैलने देते, लेकिन चीन क्यों उसके खिलाफ इतनी चिल्ल-पों मचाता है; उसे क्या शिकायत है? इसकी जड़ में यही बात है कि ये देश उन सभी को अपना शत्रु समझते हैं, जो इनकी विचाराधारा से सहमत नहीं होते हैं।



मैं तो कहता हूं कि हंगरी के इम्रेनज की फांसी के साथ-साथ पंचशील का सिद्धांत भी सूली पर चढ़ गया था। रूस ने वह सबसे बड़ा अनैतिक कार्य किया है, लेकिन रूस का सौभाग्य यही है कि बड़े-बड़े जनतांत्रिक देशों ने भी वैसे ही घृणित और अनैतिक कार्य किए हैं। अरब देशों में अमेरिका और इंग्लैंड के हस्तक्षेप ने इम्रेनज की फांसी के विरुद्ध उठने वाले संसारव्यापी आंदोलन की जड़ ही काट दी है। ...फ्रांस ने भी अल्जीरिया में ऐसे ही वीभत्स कृत्य किए हैं। लेकिन एक अनैतिक कार्य किसी दूसरे पड़ोसी के दूसरे अनैतिक कार्य का औचित्य तो सिद्ध नहीं कर सकता। यह नैतिकता नहीं है। यह बौद्धिक बेईमानी है। ...ऐसे संसार में हम कहां हैं? ...हम संसार के कम विकसित देशों की रहनुमाई कर सकते हैं। हमें उनके सामने पहले यह आदर्श पेश करना चाहिए कि छोटे-छोटे कम विकसित देश भी कोई बहुत बड़ी विदेशी सहायता के बिना अपने संसाधनों के बल पर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। ... दूसरी चीज हमें यह करनी चाहिए कि हम शिखर सम्मेलनों की बात छोड़ दें और छोटे-छोटे शांतिप्रेमी देशों का एक फेडरेशन बनाएं। बड़े-बड़े देश आज पाप में पगे हैं, उनसे शांति की आशा नहीं की जा सकती।

...इराक के राष्ट्रीय विर्द्रोह से घबराकर अमेरिका और ब्रिटेन ने लेबनान और जॉर्डन में अपनी फौजें उतार दी हैं ...इससे एक बड़ी पेचीदा समस्या यह उठ खड़ी हुई है कि क्या किसी देश के घरेलू झगड़ों को शांत करने के लिए, वहां की सरकार के बुलाने पर भी, किसी विदेशी सेना को जाना चाहिए? ...हमने तो पंचशील के हवाई सिद्धांतों के अनुसार इसका जवाब दे दिया है कि नहीं जाना चाहिए, लेकिन यह सवाल इतना आसान नहीं है। ...स्पेन में भी तो स्पेन का ही एक फौजी गुट वहां की जनवादी सरकार पर हमला कर रहा था, इसलिए हम एक हवाई सिद्धांत नहीं बना सकते कि किसी भी हालत में किसी भी विदेशी सेना को, किसी देश की सरकार के बुलाने पर भी, हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हम सिर्फइतना कह सकते हैं कि किसी भी लोकप्रिय और हिंसक सरकार के मामलों में विदेशी सेना को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

...कोई भी छोटे देशों की भलाई नहीं सोचता। ऐसे लोगों को दूसरे देश के भाग्य के निपटारे का कोई भी नैतिक अधिकार नहीं। इसलिए शिखर सम्मेलन एक अनैतिक व्यापार है। यदि हमें शिखर सम्मेलन में बुलाया भी जाए, तो कोई फायदा नहीं होगा...। हम सिर्फ दर्शक की तरह उसमें बैठे रहेंगे। वे हमें कोरिया और इंडोचीन का एकीकरण नहीं करने देंगे। वे बड़े-बड़े देश तो छोटे देशों के विभाजन में ही दिलचस्पी रखते हैं। ...पाश्चात्य जनवाद को सबक सीखना चाहिए कि जनतांत्रिक देश तानाशाही ढंग से काम करके सफ्ल नहीं हो सकते।

(लोकसभा में दिए गए भाषण से)

# दूसरों की केवल निंदा से कोई लाभ नहीं होगा

जवाहरलाल नेहरू, तत्कालीन प्रधानमंत्री

आज पश्चिम एशिया का मामला विश्व में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ...वहां बड़ी 'राजनयिक सरगरमी' हो रही है। लोग मर रहे हैं, संकल्पों के प्रारूपों पर चर्चाएं की जा रही हैं तथा समर्थन प्राप्त करने के यत्न हो रहे हैं। ...इस समस्या का हल तब तक नहीं हो सकता, जब तक कि विदेशी सेनाएं लेबनान व जॉर्डन से हटा नहीं ली जातीं। ...पश्चिम एशिया की स्थिति की बुनियादी चीज अरब राष्ट्र की जागृति है। ...राष्ट्रीय भावना के जागरण के पश्चात आर्थिक विकास वहां साथ-साथ नहीं चला, फिर भी वे इस तरफ चल रहे हैं। आज से दो-ढाई वर्ष पहले स्वेज नहर का झगड़ा हुआ था और अंग्रेज, फ्रांसीसी तथा इजरायल की सेनाओं ने मिस्र पर आक्रमण किया था। सारी दुनिया में मिस्र के प्रति सहानुभूति थी और लोकमत उसकी ही तरफ था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी उधर ही राय दी, तो मेरे कहने का मतलब यह है कि पीछे ले जाने वाली ये बातें सफल नहीं हो सकतीं। इनका नतीजा सिर्फ एक युद्ध हो सकता है। ...गत दो सप्ताह में हालात बड़े नाजुक रहे। दो-तीन मौके ऐसे आए, जब विश्व युद्ध आरंभ हो जाने का बहुत ज्यादा खतरा था। थोड़ी सी बात से युद्ध आरंभ हो सकता था। एक बार जब युद्ध छिड़ जाए, तब रोका नहीं जा सकता।

...यदि बड़े-बड़े तथ्यों को स्वीकार न करते हुए निष्कर्ष निकाला जाए, तो गलत ही होगा। जब पश्चिम एशिया के बारे में भी निर्णय इसी प्रकार के होते हैं और वास्तविक शक्तियों की उपेक्षा की जाती है, तब कठिनाइयां पैदा हो जाती हैं। ...मैंने कई बार इस बात को सभा में कहा है कि पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका की समस्या इस तरह सैनिक तरीके से हल नहीं की जा सकती। उन्हें कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है, लेकिन दबाया नहीं जा सकता। ...अब समय आ गया है कि हम खास तौर पर, बड़े-बड़े राष्ट्र दूसरे ढंग से सोचें और बातें करें, दूसरे ढंग से कार्य करें।...



अध्यक्ष महोदय, कल सभा में जो भाषण हुए, मैंने उनको ध्यानपूर्वक सुना, विशेष रूप से आचार्य कृपलानी के भाषण को और भी अधिक ध्यान से सुना। ...कुछ बातें ऐसी भी थीं, जिन्हें सरकार की नीति की आलोचना के उद्देश्य से कहा गया था। ...यदि कुछ देशों ने पंचशील की नीति का समुचित पालन नहीं किया है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि पंचशील के सिद्धांत ही ठीक नहीं हैं। पंचशील कोई नई बात नहीं है। यह हमारी विचाराधारा तथा हमारी परंपरा के अनुकूल है। ...आप इसकी शक्ति को देखिए, चाहे इसका कोई पालन भले न करे, पर कोई इसे बुरा नहीं कहता। ...यदि आप व्यावहारिक दृष्टिकोण से इस बात पर विचार करें, तो आपको पता लगेगा कि विभिन्न राष्ट्रों के परस्पर व्यवहार के लिए इसके अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग ही नहीं है।

आचार्य कृपलानी ने कहा कि पंचशील की उत्पत्ति पाप से हुई है। ईसाई धर्म के अनुसार तो हम सभी की उत्पत्ति पाप से हुई है। उनका कहना है कि तिब्बत के बारे में भारत-चीन संधि में इसे शामिल किया गया, इसी कारण यह पापमय हो गया। ...मैं तिब्बत का इतिहास नहीं बताना चाहता, पर बहुत समय पूर्व से ही तिब्बत को संसार के सभी देश चीन के आधिपत्य में समझते थे।

पश्चिम एशिया का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें हमारे बहुत से साथी देश सम्मिलित हैं और युद्ध तथा शांति की दृष्टि से संसार का भविष्य भी इसमें निहित है। ...हम समझते हैं कि हमें दूसरों को यह बताते नहीं फिरना चाहिए कि वे किस प्रकार काम करें। इससे दूसरों को बुरा लगता है। शांतिपूर्वक यदि हमें कोई सुझाव देना होता है, तो हम देते हैं, पर हम हाथ में झंडा लेकर नेता नहीं बनना चाहते, ऐसी पहलकदमी हम नहीं करेंगे। हम गंभीर लोग हैं और हमारे देश में स्वयं अनेक समस्याएं हैं। हमारी गंभीरता के कारण ही संसार में हमारा इतना मान है। संसार के बहुत से देश आज शोर मचाने और चिल्लाने, दूसरों को निर्देश देने तथा दूसरों की निंदा के प्रस्ताव पास करने का काम कर रहे हैं, पर मैं समझता हूं कि इससे कोई लाभ नहीं होगा और न इससे शीत युद्ध की स्थिति में कोई सुधार होगा। ...संयुक्त राष्ट्र में पेश होने वाले ऐसे किसी संकल्प को हम स्वीकार नहीं करेंगे, जिसमें विदेशी फौजों को हटाने की बात स्पष्ट शब्दों में न कही गई हो, क्योंकि इसे हम मुख्य समझते हैं। मैं यह नहीं कहता कि केवल इसी से पश्चिम एशिया की समस्या हल हो जाएगी, क्योंकि यह समस्या बड़ी जटिल है, पर अन्य उपायों के साथ इस कदम को उठाना भी बहुत जरूरी है।

**(लोकसभा में दिए गए भाषण से)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट,
दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति
मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत पर हुई त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार ने सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रेगांव में पदस्थ सचिव श्रीमती विनीता सिन्हा को जनपद पंचायत कार्यालय राजनांदगांव में संलग्न किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सी-विजिल एप पर नितेश शर्मा ने ग्राम पंचायत भर्रेगांव में पदस्थ सचिव श्रीमती विनीता सिन्हा द्वारा ग्रामीण आवास योजना के लिए गांव की एक अपात्र महिला अनुसूईया चन्द्राकर को योजना का लाभ दिये जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि आवेदन पर कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामवासियों द्वारा निर्वाचन का बहिष्कार किया जाएगा। इस शिकायत की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव से कराई गई। सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत भर्रेगांव की सचिव विनीता सिन्हा द्वारा अपात्र महिला अनुसुईया चन्द्राकर को ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया जाना तथा कार्य के प्रति उदासीनता बरतना पाया गया।

### ईव्हीएम व्हीव्ही पैट स्वीप एवं स्वास्तिक की आकृतियां बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदरई में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देषन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्षन में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कंदरई के छात्र-छात्राओं के द्वारा ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही. पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक आदि आकृति प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विशाल मानव श्रृंखला में उपस्थित समस्त छात्रों एवं कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक के द्वारा मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया।

### विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देषानुसार स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़गी के विद्यार्थीयों ने यह शपथ लिया कि हम अपने माता-पिता परिवार के अन्य सदस्यों तथा घर के आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे तथा शत् प्रतिशत मतदान कराने में अपनी भागीदारी निभायेंगें। गांव के लोगों से रूबरू होकर लोकतंत्र की परिभाषा समझाते हुये उन्हें मतदान क्यों आवश्यक है, समझाने का प्रयास करेंगें। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, प्रदीप कुमार सिंह, बी.पी.ओ. मोहम्मद महमूद, संकुल शैक्षिक समन्वयक संजय देव पाण्डेय, विद्यालय के राजेश सिंह, अंजना गुर्जर, एवं संस्था के समस्त स्टाफमौजूद रहे। यह कार्यक्रम में किया जा रहा है।

# त्रिलोकी मां कालीबाड़ी मंदिर में भव्य दुर्गा पूजा प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर में दुर्गोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। मंदिर परिसर में महिषासुर का वध करती मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ ही माँ लक्ष्मी, भगवान श्री गणेश, माँ सरस्वती और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा की स्थापना की गई है।



20 अक्टूबर को महाषष्ठी पूजन के साथ ही भव्य दुर्गोत्सव की शुरुआत हो गई। श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि बंगाली समुदाय के लिए नवरात्र का विशेष महत्व होता है। समिति द्वारा नवरात्रि की षष्ठी तिथि से विजयदशमी तक पांच दिवसीय दुर्गोत्सव का भव्य का आयोजन किया जा रहा है। विजयदशमी के पश्चात लक्ष्मी पूजा, काली पूजा, जगद्धात्री पूजा और सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा। 20 अक्टूबर को महाषष्ठी पूजा का भव्य आयोजन किया गया। 21 अक्टूबर को महासप्तमी पूजा, 23 अक्टूबर को महा अष्टमी पूजा, संधि पूजा, बलिदान, 23 अक्टूबर को महा नवमी पूजा, हवन, 24 अक्टूबर को महादशमी पूजा, दर्पण विसर्जन, सिंदूर वरण का आयोजन किया जाएगा।

अगले क्रम में 28 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा, 13 नवंबर को काली पूजा, 21 नवंबर को जगद्धात्री पूजा और 14 फरवरी 2024 को सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा पिछले 42 वर्षों से दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 43वां वर्ष है। श्री बर्धन ने बताया कि दुर्गोत्सव के दौरान इस वर्ष भी मंदिर परिसर में पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ ही देवी मां को प्रसन्न करने के लिए धुनुची नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा।

## जनरल ऑब्जर्व, पुलिस ऑब्जर्वर एवं व्यय आब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** विधानसभा मोहला मानपुर क्षेत्र क्रमांक 78 के अंतर्गत ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीनों को रखने के शासकीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले में नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर शकील अहमद, पुलिस ऑब्जर्वर विनोद कुमार एवं व्यय आब्जर्वर विगनेश सक्थीवेल ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया ऑब्जर्वर गणों ने यहां सुरक्षा के मद्देनजर कियें गयें उपायों को देखा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए किये गये पुख्ता उपायों की जानकारी से अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि मतदान के उपरांत मशीनों को यहां संग्रहण किया जाएगा। जिसकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में मतगणना के दौरान राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं, गणना अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाया गया है। मतगणना कक्ष में गिनती के लिए अलग-अलग टेबल लगाया जाएगा। बताया गया कि बाहर से कोई भी प्रवेश ना कर सके, इसके लिए सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। जालीदार खिड़कियों को पूर्णतः ईट की दीवाल बनाकर बंद कर दिया गया है। इस दौरान जनरल आब्जर्वर ने कहा कि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था जैसे माहौल निर्मित ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां करें। उन्होंने पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों से निगरानी रखने, पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता के अनुसार सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के प्रवेश, मतगणना अधिकारियों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षकगणों ने मतदान दिवस के लिए बनायें गयें सामग्री वितरण केंद्र के स्टॉल को भी देखा।

## इंस्पायर अवार्ड मानक : छत्तीसगढ़ राज्य से 05 विज्ञान मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट चयनित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में 09-11 अक्टूबर, 2023 को इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत आयोजित 10वीं राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजक्ट प्रतियोगिता में चयनित 22 छात्र-छात्राओं में से 21 छात्र-छात्राओं ने इस प्रदर्शनी में अपनी विज्ञान मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में राज्य से 05 अधिकारी एवं गाईड शिक्षक भी छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित हुए।

प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय नव प्रवर्तन संस्थान, अहमदाबाद एवं डिपार्टमेंट ऑफसाईस एण्ड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के द्वारा किया जाता है। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भारत के सभी राज्य से उपस्थित प्रतिभागियों के लगभग 450 से अधिक विज्ञान मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया था। इनमें से राष्ट्र स्तर पर 60 मॉडलों का चयन हुआ। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य से 05 विज्ञान मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट चयनित हुए। जिनमें जिला कोरबा से इशिता देवांगन, शा.उ.मा.विद्यालय उमरेली द्वारा निर्मित फोल्डिंग सीट अनेबल बाइक फॉर द ओल्ड एज पर्सन का मॉडल, जिला बिलासपुर से हिमान्गी हालदार, भारत माता उ.मा.विद्यालय बिलासपुर द्वारा निर्मित एंटी मिल्क स्पालिंक यूटेन्सिल विज्ञान मॉडल एवं जिला सरगुजा से आंचल तिग्गा, शा.पू.मा.शाला सिन्गीताना द्वारा निर्मित एडजेस्टेबल गैस स्टोव का मॉडल चयनित हुआ। 02 मॉडल केन्द्रीय विद्यालय संगठन से निधि श्रीवास्तव द्वारा निर्मित मल्टीपर्पस हस्क रिमुव्हल मशीन फॉर डोमेस्टिक पर्पस एवं आर.व राजपूत द्वारा निर्मित हैण्ड पॉवर वाटर प्यूरिफायर मॉडल का भी चयन हुआ।

विजेता सम्मान समारोह का आयोजन 11 अक्टूबर 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया और प्रतिभागी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

सत्र 2023-24 में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के आईडिया, मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2023 निर्धारित की गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी विद्यालयों के अनुसार पंजीयन लक्ष्य लगभग 95 हजार निर्धारित किया गया था।

संचालक, लोक शिक्षण श्री सुनील कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में राज्य के पंजीयन लक्ष्य के विरूद्ध कुल 78596 छात्र-छात्राओं के नवीनतम आईडिया, मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट का पंजीयन सत्र 2023-24 में पंजीयन हुआ। समय-समय पर राज्य नोडल अधिकारी, इंस्पायर अवार्ड मानक श्री आशुतोष चावरे द्वारा जिले नोडल अधिकारियों को पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किया जाता रहा, जिसमें कारण पंजीयन की प्रक्रिया निरंतर वृद्धि होती रही, जिसके कारण जिला बिलासपुर प्रथम स्थान पर, जिला कोरबा द्वितीय स्थान पर तथा जिला धमतरी तृतीय स्थान पर रहा। सत्र 2023-24 में इंस्पायर अवार्ड मानक अंतर्गत विद्यार्थियों के आईडिया, मॉडल, प्रादर्श, प्रोजेक्ट के पंजीयन प्रक्रिया में भारत में छत्तीसगढ़ राज्य को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम एवं वीवी पैट का रेण्डमाईजेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विधानसभा निर्वाचन हेतु रायपुर जिले के सातों विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के पश्चात फाईनालाईज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया हेतु सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान स्टंाग रूम में विधानसभावार रखते समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभावार मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाईजेशन पश्चात मशीनों को स्ट्रांग रूम में विधानसभा के अनुसार सुरक्षित रखवाया जाएगा।

रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में विधानसभा अंतर्गत कुल 1768 है जिनमें रायपुर क्षेत्र के 1759 मतदान एवं 09 सहायक केंद्र है। इस से 20 प्रतिशत अधिक बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 30 प्रतिशत अधिक वीवी पैट मशीनों का चयन किया गया। जिले में 5036 बैलेट यूनिट, 2621 कंट्रोल यूनिट और 2872 वीवी पैट एफएलसी ओके मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया।

मतदान केंद्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने के पहले पारदर्शिता के लिए विभिन्न चरणों में मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। आज मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हे इसकी प्रतिया प्रदान की गई।

इसके बाद वेयर हाउस में अलग-अलग कक्षों में रखे सीयू, बीयू एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई एवं राजनौतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कृषि छात्रों ने किसानों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवम अनुसंधान केंद्र, सुरगी (राजनांदगांव) के छात्र - छात्राओं के द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डा. प्रेरणा परिहार ( पादप रोग विशेषज्ञ ) के मार्ग दर्शन पर आदर्श ग्राम मोखला में किया गया ।

छात्र छात्राओं ने किसानों को मशरूम उत्पादन के चरणबद्ध विधि को आसान भाषा में बताया तथा मशरूम से होने वाले लाभों के साथ साथ में बाजार में इनकी बहुमल्यता के बारे में जानकारी दी। ताकि किसान मशरूम उत्पादन कर अतिरिक्त आय की पूर्ति कर अपनी आर्थिक स्तर पर सुधार ला सके । बेरोजगार युवाओं को खाली समय में मशरूम उत्पादन कर आय का साधन प्राप्त करने हेतु जागरूक किया गया । इस मौके पर किसान खोमलाल साहू,देवनाथ साहू, काशीराम साहू, शेषनारायण साहू, तथा सभी छात्र एवम छात्राएं ईशा हिरवानी, गौरव महोबिया, गौरव कौमार्य, घनश्याम सिंह, गिरजा निर्मल, हुमेश पटेल, खिलेश वर्मा, खुशबू ठाकुर, खुशी सिदार, किशन पटेल उपस्थित थे। साथ ही साथ छात्र छात्राओं ने मशरूम से बनने वाली विभिन्न उत्पाद जैसे - मशरूम का आचार , पापड़ , बड़ी , मशरूम पाउडर आदि के बारे में जानकारी दी जिसमे प्रचुर मात्रा प्रोटीन और विटामिन उपस्थित रहते हैं ।

## सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपनी भूमिका निभाएं - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसरए सेक्टर ऑफिसर की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने संबंधित कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने कहा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान करवाने के साथ ही अपने मताधिकार का उपयोग करना भी जरूरी है। जिसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का उपयोग भी जरूर करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को चुनावी कार्यों में पूरा ध्यान लगाते हुए बिना किसी चूक के कार्य करने कहा है। उन्होंने बताया कि



सभी अधिकारी अपनी वाणी का भी ध्यान रखें एवं अनावश्यक लापरवाही कर किसी प्रकार की कोई समस्या को आमंत्रण ना दें।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ट्रेनिंग के बारे में जानकारी देते हुए पचास प्रतिशत पोलिंग स्टेशन में वेबकास्टिंग के बारे में अवगत कराया एवं सभी सेक्टर अधिकारी को इसके लिए सर्टिफिकेशन देने एवं कैमरा लगाना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नॉमिनेशन के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी सेक्टर ऑफिसर से उनके संबंधित मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एप्रोच रोड भवन की स्थिति, पेयजल, शौचालय, मतदान केंद्र क्रमांक का विवरण सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली तथा अभी भी मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार की आधारभूत आवश्यकता की कमी होने पर तत्काल जानकारी दिए जाने कहा। कलेक्टर ने सभी सेक्टर आफिसर को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट चार्ट सहित अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रखते हुए कार्य करने कहा।

इसके साथ ही बैठक में पोस्टल बैलेट से संबंधित जानकारी सेक्टर अधिकारियों को प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं दृष्टिबाधित मतदाताओं के द्वारा मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में समस्त सेक्टर अधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।






## खास खबर...

### 30 अक्टूबर को रायपुर के रेडक्रास भवन में होगी राज्यस्तरीय संगोष्ठी

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ''कोई मतदाता न छूटे'' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रत्येक वर्ग विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने हेतु 30 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजे रायपुर कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य स्तरीय संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाताओं के सुझावों पर विचार विमर्श किया जाएगा। दिव्यांग मतदाताओं के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में चर्चा होगी। दिव्यांगजन के उत्थान हेतु कार्यरत संस्थाओं द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपलब्ध कराई जा रही विशेष सुविधाओं के साथ ही सुगम मतदान हेतु जिलों में किए जाने वाले नवाचारों/अनुकरणीय कार्यों के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।

### प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज अंबिकापुर में गिरा तापमान

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही आउटर में रात में हल्की ठंड शुरू हो गई है। अंबिकापुर में तो शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में उत्तर छत्तीसगढ़ में पारे में और गिरावट आएगी तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। आने वाले पांच दिनों बाद ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार को आकाश मुख्य रूप से साफ रहेगा और तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। रायपुर का न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियसदर्ज कियागया,जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। हल्की ठंड शुरू होते ही अब मोतीबाग क्षेत्र में गर्म कपड़ों के स्टाल भी लगने शुरू होने लगे है। बताया जा रहा है कि आने वाले चार से पांच दिनों में ये स्टाल पूरी तरह से तैयार भी हो जाएंगे। साथ ही संस्थानों में भी गर्म कपड़ों का भी स्टाक आना शुरू हुआ है।

# विधानसभा निर्वाचन-2023: वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को प्रत्येक मतदान केन्द्र में मिलेगी विशेष सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में सड़क होनी चाहिए। सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, मतदान केंद्रों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु एवं मतदान केन्द्रों में उनका सहयोग लिए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है। दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जाए। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जाए। दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा फॉर्म-12डी के माध्यम से विकल्प देने की स्थिति में उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रसारित सक्षम एप का प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इन दिशा निर्देशों के पूर्ण रूप से पालन हेतु जिले में निगरानी अधिकारी भी नियुक्त किए जाने के निर्देश आयोग ने दिए हैं।

## विधानसभा निर्वाचन-2023: पहले चरण के निर्वाचन के लिए 294 अभ्यर्थियों ने भरे 455 नामांकन पत्र

### नामांकन के अंतिम दिन 254 नामांकन पत्र दाखिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 254 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार पहले चरण में निर्वाचन के लिए कुल 294 अभ्यर्थियों ने 455 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और अभ्यर्थी 23 अक्टूबर को अपना नाम वापस ले सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 33, कवर्धा में 29, पंडरिया में 20, भानुप्रतापपुर में 15,




जगदलपुर और दंतेवाड़ा में 14-14, डोंगरगढ़, डोंगरगांव और अंतागढ़ में 12-12, खैरागढ़ और कोण्डागांव में 11-11, बीजापुर और कोण्टा में 10-10, चित्रकोट में 9, नारायणपुर और खुज्जी में 8-8, कांकेर और केशकाल में 7-7, बस्तर और मोहला-मानपुर में 6-6 नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर -अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरे जा चुके हैं। प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा। प्रथम चरण के 20 विधानसभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या 40 लाख 78 हजार 681 है, जिसमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष, 20 लाख 84 हजार 675 महिलाएं तथा 69 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 5 हजार 304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## रबी की सैंपलिंग शुरू, खरीफ के 36 बीज-कीटनाशक मिले फेल, 109 की रिपोर्ट शेष

**रायपुर ( ए )।** खरीफ में बोई गई फसलों की अब कटाई होने जा रही है, लेकिन अब तक इस दौरान कृषि विभाग द्वारा लिए गए सैंपल्स की रिपोर्ट ही नहीं आई है। हालात ऐसे हैं कि खरीफ के दौरान लक्ष्य से ज्यादा सैंपलिंग करते हुए कृषि विभाग ने लगभग 496 बीज, कीटनाशक, उर्वरक व जैविक खाद के सैंपल लिए। जिनमें से बीज के 4, जैविक खाद के 11 और कीटनाशक के 10 सैंपल, उर्वरक के 11 सैंपल फेल पाए गए हैं, जबकि 109 की अब तक रिपोर्ट ही नहीं आई है।

वहीं, अमानक मिले बीज के सैंपलों में ज्यादातर बीजों में निर्धारित समय में अंकुरण ही नहीं हुआ। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने खराब बीज के लाट की बिक्री पर रोक लगाने के साथ ही संबंधित विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किया है। वहीं, अब जिले में सहकारी सेवा समिति और निजी दुकानों से फसल के लक्ष्य के आधार पर खाद और धान बीज का सैंपल लिया जा रहा है। इस साल विभाग को बीज के 127 सैंपल



लिए जाने का टारगेट मिला है, जिसमें से 136 सैंपलिंग की गई। अब रबी की फसल के लिए उर्वरक और कीटनाशक का सैंपल लेने की प्रक्रिया जारी है।

### खाद के 214 सैंपल में सर्वाधिक 86 पेंडिंग

सैंपलिंग में पेंडिंग रिपोर्ट के मामले में सर्वाधिक जैविक खाद की रिपोर्ट नहीं आई है। इसके लगभग 214 सैंपल लिए गए थे, लेकिन 105 की रिपोर्ट अब भी पेंडिंग है। वहीं, कीटनाशक के 120 सैंपल लिए गए हैं, जिसमें 10 अमानक और 23 की रिपोर्ट नहीं मिली है। इसी तरह जैविक खाद के 26 सैंपल में 11 अमानक मिले हैं।

### इस्तेमाल के बाद सैंपल की जांच रिपोर्ट

हर बार किसानों में बीज और खाद की गुणवत्ता को लेकर संदेह की स्थिति रहती है। कई बार किसान इसकी शिकायत भी कर चुके हैं कि खाद या बीज अच्छा नहीं है, लेकिन तब तक देर हो चुकी होती है, अब तक किसान बीज और का इस्तेमाल कर चुके होते हैं। सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, अब रिपोर्ट मिल गई है, जिसमें बीज और खाद मानक है या अमानक।

## सर्व समाज की खुशहाली की कामना के साथ राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव का समापन



**रायपुर ( ए )।** राजधानी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव का समापन हो गया। देश में पहली बार इस तरह का आयोजन विश्व समुदाय व वैश्विक परिवार के लिए चर्च ऑफ नार्थ इंडिया ने कराया। अंतिम दिन बीमारों, किसानों, व्यापारियों, पर्यावरण, मौसम, अच्छी फसल की पैदावार, पीड़ितों व दीन-दुखियों तथा समाज के हर वर्ग के लिए प्रार्थना की गई। सीएनआई के मॉडरेटर द मोस्ट बीके नायक ने घोषणा की कि छत्तीसगढ़ से प्रारंभ हुई यह अनोखी पहल भविष्य में भी जारी रहेगी। अगला राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव गुजरात डायसिस में होगा। हर वर्ष नई डायसिस के मेजबानी सौंपी जाएगी।इस मौके पर मॉडरेटर नायक, पटना के बिशप फ्रांसिस हांसदा व छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप एसके नंदा ने प्रभु भोज का पवित्र संस्कार संपन्न कराया। उपाध्यक्ष पादरी सुषमा कुमार, सचिव नितिन लॉरेंस, कोषाध्यक्ष अजय जॉन समेत कार्यकारिणी के मेंबर शामिल हुए। दान की प्रार्थना बिशप एंड्रयू बी. राठौर पुणे व बिशप अजय उमेश जेम्स जबलपुर ने की। भोपाल डायसिस के बिशप मनोज चरण ने बाइबल से एब्राहम व नहेम्याह के जीवन को प्रार्थना से जोड़कर दुआ के असर पर सुसमाचार सुनाया। इस मौके पर रीता चौबे, रूचि धर्मराज, मेनका जॉर्ज ने गवाही दी। परसापानी व अंबिकापुर के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ी लोक धुनों पर स्तुतिगान किया। मॉडरेटर ने भी ओडिया भाषा में भजन सुनाया।

## रामलीला के आयोजन का ग्रामीण ले रहे आनंद

**रायपुर ( ए )।** ग्राम पंचायत लाहोद के नवयुवकों ने पांच दिवसीय राम लीला का मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने गांव तथा आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं। इस दौरान रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित सभी पहलुओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया जा रहा है जो ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान डी आर साहू, सरपंच महेन्द्र कुमार डहरिया, उपसरपंच हंस राज साहू, विजय सेन, रामविशाल साह, मुकेश साहू, उपाध्यक्ष गंगासागर पटेल, सत्रोहन पटेल, आसाराम ध्रुव, मुरली पटेल, लम्बू, रमेश साहू सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 13 साल के बच्चे की सांसों के लिए संजीवनी बन गए 'डॉक्टर' कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण कर दी नई जिंदगी

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने राजिम के 13 वर्षीय बच्चे के हृदय का आपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी है। बच्चों की सांसों के लिए धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टर संजीवनी बन गए। डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में कृत्रिम वाल्व का सफल प्रत्यारोपण किया गया। डाक्टरों का दावा है कि सरकारी अस्पताल में अब तक के सबसे कम उम्र के बच्चे का वाल्व का प्रत्यारोपण हुआ है।

डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि जब बच्चा ओपीडी में आया तो हार्ट फेल्योर की स्थिति में था। ठीक से सांस नहीं ले पा रहा था और शरीर सूजा हुआ था। जांच के बाद पता चला कि बच्चे के दो वाल्व खराब हैं, जिसके कारण हृदय ठीक तरह से रक्त को शरीर में पंप नहीं कर पा रहा था। हार्ट का आकार बहुत बड़ा हो गया था। इसे मेडिकल भाषा में कार्डियोमेगाली विद हार्ट फेल्योर कहा जाता है। स्वजन को बताया गया कि आपरेशन करने में बहुत ही ज्यादा रिस्क है।

### इस तरह हुआ आपरेशन



डॉ. साहू ने बताया कि आपरेशन के पहले बच्चे को 17 से 18 दिनों तक एंटी फेल्योर ट्रीटमेंट में रखा गया। स्वजन को जानकारी देकर सर्जरी का निर्णय लिया गया। सबसे पहले ओपन हार्ट सर्जरी करके खराब माइट्रल वाल्व को काट कर निकाला गया। उसके स्थान पर टाइटेनियम से बना कृत्रिम वाल्व लगाया गया और ट्राइकस्पिड वाल्व को थ्रीडी कंटूरिंग लगा कर रिपेयर किया गया।

इस आपरेशन को माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट विद बाइलीफलेट मैकेनिकल वाल्व विद टोटल कार्डल प्रेजेंटेशन प्लस ट्राइकस्पिड वाल्व रिपेयर विद थ्री डी कंटूर रिंग कहा जाता है। सर्जरी साढ़े तीन घंटे तक चली। सात दिनों बाद मासूम को डिस्चार्ज कर दिया गया। आपरेशन डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से पूर्णतः निश्शुल्क हुआ।

### सर्दी-खांसी को नजरअंदाज करना पड़ा भारी

डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि बच्चे को रूम्हैटिक हार्ट डिजीज नामक बीमारी थी। यह बीमारी बचपन में सर्दी-खांसी को नजरअंदाज करने से होती है। स्ट्रेप्टोकोकस बैक्टीरिया गले में संक्रमण करता है, जिससे सर्दी-खांसी हो जाती है। समय से इलाज नहीं लेने पर शरीर में प्रतिरक्षा तंत्र की ओर से बैक्टीरिया के विरुद्ध एंटीबाडी बनना प्रारंभ होता है।

अधिकांश प्रकरण में यह एंटीबाडी बैक्टेरिया को खत्म कर देती है, परंतु कुछ केसेस में एंटीबाडी हृदय के अंदर स्थित वाल्व टिशू को डैमेज करना प्रारंभ कर देती है, जिससे हृदय का वाल्व खराब होकर सिकुड़ जाता है या वाल्व में लिकेज प्रारंभ हो जाता है। इससे बच्चों की मौत भी हो जाती है। इसे मिसगाइडेड मिसाइल भी कहते हैं।

यह बहुत ही धीमी बीमारी है। पांच से 10 वर्ष की उम्र में हुए संक्रमण के कारण हार्ट की बीमारी का पता 22 से 40 वर्ष की उम्र में चलता है। उन्होंने बताया कि देश में उत्तर और मध्य भारत में सबसे ज्यादा केस मिलते हैं। दक्षिण भारत में सबसे कम केस आते हैं। डॉ. साहू ने बताया कि केरल के हार्ट सेंटर में थे तब 100 में एक या दो केस ही ऐसे मिलते थे। यह केस इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस उम्र में सामान्यतः यह बीमारी नहीं होती है।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



















# खूबसूरती के चक्कर में कहीं पड़ न जाए लेने के देने, बीमार बना सकती है नेल पॉलिश



कलरफुल नेल पॉलिश हर लड़की की पहली चाहत मानी जाती है। अपने नाखूनों को खुबसूरत बनाने के लिए वे नेल पॉलिश लगाती हैं। लेकिन शायद वे इस बात से अनजान हैं कि इसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल बेहद खतरनाक होते हैं और उन्हें बीमार बना सकते हैं। दरअसल, पूरी बॉडी में एंडोक्राइन ग्लैंड्स होते हैं, जो हार्मोन का उत्पादन करते हैं। एंडोक्राइन ग्लैंड्स के हार्मोन से ही हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इसी से बनने वाला एंडोक्राइन डिसरप्टर एक तरह का केमिकल है, जो डेली लाइफ में यूज होने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स, फूड और ड्रिंक पैकेजिंग, खिलौने, कालीन और कीटनाशक में इस्तेमाल होता है। कुछ केमिकल फ्लेम रिटारडेंट की तरह भी काम करते हैं जो एंडोक्राइन-डिसरप्टर भी हो सकते हैं। जब ये हवा, पानी, आहार और त्वचा के संपर्क में आते हैं तो इन्हें पूरी तरह हटाया नहीं जा सकता और ये नुकसानदायक बन जाते हैं।

### क्या होते हैं एंडोक्राइन-डिसरप्टिंग केमिकल

एंडोक्राइन-डिसरप्टिंग केमिकल प्राकृतिक या मानव निर्मित दोनों तरह के हो सकते हैं। ये हमारी बॉडी के हार्मोन की नकल कर उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। ये हॉर्मोन के साथ इंटरफेयर कर सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### एंडोक्राइन डिसरप्टर का कारण बन सकते हैं ये केमिकल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरी दुनिया में करीब 85,000 केमिकल ऐसे हैं, जिन्हें इंसानों ने बनाया है। इनमें से 1,000 से ज्यादा अपने गुणों के कारण एंडोक्राइन डिसरप्टर हो सकते हैं। इनमें कुछ एट्राजिन जो दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले हर्बिसाइड में से एक है। इसके अलावा बिस्फेनॉल ए, डाइऑक्सिन, परक्लोरेट, फथलेट्स भी शामिल है। फथलेट्स फ्लूइड प्लास्टिसाइजर के तौर पर उपयोग किया जाता है। यह कुछ फूड पैकेजिंग, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सुगंध वाले प्रोडक्ट, बच्चों के खिलौने और मेडिकल इक्विपमेंट में पाए जाते हैं। खासकर नेल पॉलिश, हेयर स्प्रे, आफ्टरशेव लोशन, क्लींजर और शैम्पू में ज्यादा मिलते हैं। इनके अलावा फाइटोएस्ट्रोजेन, पॉलीक्लोराइनेटेड बाइफिनाइल्स भी खतरनाक केमिकल हैं।

### एंडोक्राइन डिसरप्टर से कैसे बच सकते हैं

एक्सपर्ट्स के मुताबिक,एंडोक्राइन डिसरप्टर केमिकल अगर बहुत कम मात्रा में है तो भी सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी हो सकता है। शरीर की सामान्य एंडोक्राइन सिस्टम में हार्मोन लेवल में छोटे-छोटे परिवर्तन होते हैं। ये छोटे परिवर्तन ही कई तरह की बायोलोजिकल इफेक्ट्स छोड़ सकते हैं। जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनसे बचना है तो केमिकल के संपर्क में आने के बाद हाथ को अच्छी तरह धोएं। केमिकल के सुगंध से भी दूरी बनाएं। धूल और वैक्यूम से भी बचें। प्लास्टिक का इस्तेमाल करने से बचें। प्रोसेस्ड फूड से परहेज करें और पानी को फिल्टर कर पीने की कोशिश करें। इतना ही नहीं बच्चों को अपने ब्यूटी प्रोड्क्टस से दूर रखें।

# मोनोकिनी पहन नेहा मलिक ने फ्लॉन्ट किए बॉडी कर्व्स



भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक कातिलाना अवतार को देखकर फैंस अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट मोनोकिनी लुक्स में फोटोशूट करवाया है। इन फोटोज में उनका सेक्सी लुक देखकर लोगों के दिलों में खंजर चल गए हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट लुक से फैंस को अपनी ओर रिझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर लोग आहें भरते नजर आ रहे हैं। नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लैक कलर की मोनोकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो जमीन में बैठकर बेहद ही सिजलिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। ओपन हेयर, कातिलाना निगाहें, हाथों में लाइट एसेसरीज और हाई हील्स पहनकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो अक्सर फैंस के बीच बवाल मच जाता है। अभिनेत्री नेहा मलिक हमेशा अपनी अदाओं से फैंस को मदहोश कर देती हैं। उनका अंदाज इतना कातिलाना होता है कि हर कोई बस देखता रह जाता है।

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती है यह गंभीर बीमारी

पानी पीना शरीर के लिए बेहद जरूरी है लेकिन हद से ज्यादा पानी पीना नुकसानदायक भी हो सकता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि ज्यादा पानी पीना इतना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है कि आपकी जान भी जा सकती है। ज्यादा पानी पीने से वॉटर टॉक्सिसिटी की बीमारी हो सकती है। इस आर्टिकल में जानेंगे वॉटर टॉक्सिसिटी क्या है? इसके लक्षण क्या होते हैं? साथ ही साथ यह भी जानेंगे कि कैसे इससे बच सकते हैं। वॉटर टॉक्सिसिटी काफी ज्यादा पानी पीने के कारण होता है। इस बीमारी में किडनी में पानी जमा होने लगता है। जिसके कारण ब्लड में सोडियम जमने लगता है। जिसके कारण शरीर को पानी पचाने में दिक्कत होने लगती है। जो आगे जाकर कई परेशानियां खड़ी करती है।

### वॉटर टॉक्सिसिटी के शुरुआती लक्षण

वॉटर टॉक्सिसिटी को ऐसे समझे जैसे शरीर को काफी ज्यादा पानी मिल जाता है। जिसके कारण ओवर हाइड्रेशन हो जाता है। ऐसे में क्या होता है कि शरीर एक टाइम के बाद पानी ऑब्सर्व नहीं कर पाता। जिसकी वजह से पानी बाहर निकलने की कोशिश करता है।

- ओवर हाइड्रेशन के कारण शरीर में थकावट, सुस्ती और कम एनर्जी महसूस होने लगती है।
- सिरदर्द के साथ-साथ शरीर दर्द की परेशानी भी होती है।
- जी मिचलाना के साथ-साथ उल्टी महसूस होना।
- टॉयलेट के लिए बार-बार जाना।



### इस बीमारी से बचना है तो इन टिप्स को करना होगा फॉलो

- आपने एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा पानी पी लिया है तो आपको इलेक्ट्रोलाइट्स पीना चाहिए।
- इलेक्ट्रोलाइट्स के साथ-साथ आपको फलों का जूस और नारियल पानी पीना चाहिए।
- प्यास लगने पर एक साथ ढेर सारा पानी पीना भी सही नहीं होता है

### शरीर के हिसाब से ही पानी पिएं

एक दिन में कितना पानी शरीर के लिए है जरूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक एक दिन में तीन लीटर पानी ठीक है। लेकिन आपको अपने शरीर को भी देखना है। अगर आपका शरीर ऐसा है कि आप 3 लीटर पी सकते हैं तो तभी पिएं। अगर इतना पानी पीना संभव नहीं है तो इससे जबरदस्ती न करें। एक साथ पानी पीने के बजाय आराम-आराम से पानी पीना ज्यादा सही होता है। यह आपकी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाएगा।

## मनोज बाजपेयी की जोरम दुनियाभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज

मनोज बाजपेयी की फिल्म जोरम अब तक कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की जा चुकी है। इन समारोहों में फिल्म को खूब सराहा गया है। इन दिनों फिल्म बुसान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन के लिए चर्चा में है। फिल्म लगभग हर महाद्वीप के चक्कर लगा चुकी है। अब खबर आई है कि यह फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। खुद मनोज ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, मनोज और जीशान अय्यूब की फिल्म जोरम दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और मखीजा फिल्म ने मिलकर किया है। इसका निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया है। मखीजा और मनोज इससे पहले शॉर्ट फिल्म तांडव में भी साथ काम कर चुके हैं। जी स्टूडियोज ने अपने बयान में कहा कि वैश्विक दर्शकों को समझने के बाद वे इसे योजनाबद्ध तरीके से दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेंगे।

मनोज ने खुद जानकारी दी कि यह फिल्म दुनियाभर में 1 दिसंबर को रिलीज होगी।उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर बड़े पर्दे तक का इस फिल्म का सफर इसके सर्वव्यापक और समय से परे होने को दर्शाता है। मैं इस कहानी को वैश्विक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए बेताब हूं और मुझे उम्मीद है कि यह अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृति के लोगों के साथ जुड़ेगी। उन्होंने फिल्म को मिल रहे सम्मान पर भी खुशी जाहिर की। यह बॉलीवुड फिल्म एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में मनोज ने दसरु नाम के एक जनजातीय व्यक्ति का किरदार निभाया है।

# एक भावुक प्रेम कहानी है कलर्स का नया शो चांद जलने लगा- कनिका मान



कलर्स के नए शो चांद जलने लगा में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री कनिका मान ने शो में अपने किरदार के लिए की गई तैयारियों पर खुलकर बात की। चांद जलने लगा में विशाल आदित्य सिंह और कनिका, देव और तारा की भूमिका में हैं। शो की कहानी बचपन के प्यार की असाधारण यात्रा को रेखांकित करती है, जो कभी एक-दूसरे के सहारा थे, लेकिन किस्मत उन्हें अलग कर देती है।

जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है, चांद जलने लगा वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका ने कहा, मैं तारा की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है।

कनिका ने कहा, वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है, और वह अपने परिवार की शांतिदूत है। अपनी शांत उपस्थिति के तहत, तारा को अपने बचपन के दोस्त देव की यादें सता रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, तारा एक आत्मविश्वासी और मजबूत लड़की है जो किसी से नहीं डरती। एक बच्ची के रूप में, वह लगभग हर चीज से डरती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, वह स्वतंत्र और आत्मविश्वासी हो गई है। उन्होंने साझा किया, मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए सबसे अच्छी तैयारी स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से पढ़ना है। इससे मुझे चरित्र की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और भावनाओं को समझने में मदद मिली।

प्रोजेक्ट चुनने के प्रति अपने दृष्टिकोण का खुलासा करते हुए अभिनेत्री ने कहा, स्क्रिप्ट की गुणवत्ता और समग्र कहानी मेरी प्राथमिकता रही है। मैं अच्छी तरह से लिखी गई, आकर्षक और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं की तलाश में हूं जो मुझे अपनी कला दिखाने और दर्शकों से जुड़ने का मौका दे। सिद्धार्थ कुमार तिवारी के स्वास्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, चांद जलने लगा का प्रीमियर 23 अक्टूबर से कलर्स पर होगा।

# लियो ने पहले ही दिन बनाए रिकॉर्ड, जवान और जेलर को भी चटाई धूल



थलापति विजय की फिल्म लियो ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इसने जबरदस्त कमाई के साथ अपना खाता खोला है और इसी के साथ बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान से लेकर रजनीकांत तक कई दिग्गज सितारों की भीमकाय फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।यह साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म बनकर उभरी है। लियो ने न सिर्फ भारत, बल्कि दुनियाभर में धुआंदार कमाई के साथ अपना खाता खोला है।

कई ट्रेड विशेषज्ञ यह दावा कर रहे थे कि थलापति की लियो पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त शुरुआत करेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, थलापति की लियो ने पहले दिन भरत में 64 करोड़ का ताबडतोड़ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर डाला है, वहीं दुनियाभर में इसकी कमाई 140 करोड़ रुपये को पार कर गई है। जवान ने दुनियाभर में पहले दिन 129 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं पहले दिन जेलर ने 95 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार प्रभास की फिल्म आदिपुरुष ने जबरदस्त शुरुआत की थी। लगा था कि फिल्म कई फिल्मों के रिकॉर्ड चकनाचूर कर देगी, लेकिन पहले दिन के बाद इसका बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ। बता दें कि इस साल एकमात्र आदिपुरुष ऐसी फिल्म थी, जिसने पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई की थी। इसने 136 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस पर कूटे थे। बहरहाल, अब लियो इस साल की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है।

लियो इस साल आई फिल्मों में पहले दिन दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म तो 2023 में तमिलनाडु में सबसे ज्यादा ओपनिंग लेने वाली फिल्म बन गई है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### पुसौर के बोरोडीपा में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# स्कूली बच्चों एवं लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़,।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुसौर के बोरोडीपा चौक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली, कालेज के विद्यार्थियों सहित जनसामान्य ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए है। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपना बहुमूल्य मत देने हेतु अपील की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतदान में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण होता हैं, सभी वोट करे और कोशिश करें कि पुसौर विकासखण्ड में शत-प्रतिशत मतदान हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, साथ ही अपने




आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गोयल ने दिव्यांग मतदाता धनेश्वर शिकारी, 80 प्लस मतदाता श्रीमती बिजली साव तथा युवा मतदाता कु.रितु पटेल एवं कु.अनिता गुप्ता का सम्मान किए। इस दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए एवं हस्ताक्षर कर लोगों से मतदान के लिए आग्रह किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, जनपद सीईओ पुसौर महेश पटेल सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली एवं कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान की अपील हेतु तख्तियों में संदेश लिखकर

रैली के माध्यम से मानव श्रृंखला बनाकर जनसामान्य को जागरूक किया। साथ ही महिलाओं ने रंगोली के माध्यम से आगामी 17 नवम्बर को अपना बहुमूल्य मतदान करने का आव्हान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, स्वसहायता समूह की महिलाएं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

#### नारा-लेखन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले भर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन का भी कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान, जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है जैसे विभिन्न श्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए अपील की जा रही है।

# महिलाओं के कार्यस्थल पर उत्पीड़न पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की लैंगिक उत्पीड़न शिकायत समिति द्वारा ''महिलाओं के कार्यस्थल पर उत्पीड़न'' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सलोनी त्यागी श्रीवास्तव उपस्थित थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास ने की। मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि किसी भी संस्था के विकास में वहां की महिला कर्मचारियों का बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक बहुत बड़ा हथियार है, जिससे व्यक्ति की मनोदशा में परिवर्तन होता है। डॉ. संजय शर्मा ने विश्वविद्यालय की लैंगिक उत्पीड़न शिकायत समिति को बधाई एवं शुभकामनांए दी कि वे महिलाओं को जागरूक करने हेतु इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। श्रीमती सलोनी त्यागी श्रीवास्तव ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जी.के. दास ने कहा कि बच्चा लड़की हो या लड़का हो, सभी को प्राथमिक संस्कार समाज की महिलाएं ही देती हैं। बच्चों एवं समाज की प्रगति में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। इस अवसर पर लैंगिक उत्पीड़न शिकायत समिति की सदस्य डॉ. प्रतिभा कटियार, डॉ. अंबिका टंडन, डॉ. नीता खरे, डॉ. प्रभारानी चौधरी एवं डॉ. शुभा बैनर्जी उपस्थित थी।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की लैगिंक उत्पीड़न शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) आरती गुहे ने कहा कि भविष्य की कार्यप्रणाली में प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत रूप-रेखा प्रस्तुत की। तकनीकी सत्र में कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक पलक शर्मा ने कहा कि स्कूलों में प्राय: महिलाएं प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाती हैं, जिससे बच्चे आत्मीय भावना से प्रेरित होते हैं। समाज में पुरूष को कर्ता-धर्ता अवश्य माना जाता है किन्तु प्रबंधन में महिलाएं अग्रणी होती हैं। तकनीकी सत्र के दौरान विधि संकाय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती दर्शी शर्मा गुहे ने भी लैगिंक उत्पीड़न के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्नू वर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन लैगिंक उत्पीड़न शिकायत समिति की सचिव डॉ. ज्योति भट्ट ने किया।

## खास खबर

### भवानी नगर में समाज सेवी महिलाओं ने की मां दुर्गे की पूजा-आराधना

**राजनांदगांव।** समाजसेवी महिलाओ की संस्था कस्तुरबा महिला मंडल व आराधना मंच, माहेश्वरी महिला मंडल, कसौधन गुप्ता समाज, महाराष्ट्र महिला मंडल, श्याम सखी सहित अन्य महिला मंडल के महिलाओं ने शुक्रवार मातारानी के वार के दिन भवानी नगर स्थित श्रीमती शारदा तिवारी के निवास स्थान में एकत्रित हो कर मां दुर्गा अम्बे की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रीमती शारदा तिवारी सहित कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, सचिव- साधना तिवारी, श्रीमती शोभा चोपड़ा, अर्चना दास, निधी बुद्धदेव, पूर्व पार्षद प्रज्ञा गुप्ता,जनक बाई गुप्ता,सीमा पांडे ,उमा रुंगटा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने अंजलि मानस मंडली की महिलाओं के साथ मातारानी की शान में झूमकर जस सेवा गान किया वहीं धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को धर्म मय बनाया। बता दें कि शारदेय नवरात्रि पर्व के अवसर पर समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी के निवास स्थान भवानी नगर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है तथा जंवारा फुलवारी बोया गया है। जहां रोजाना पं,मोहन शास्त्री के माध्यम से मातारानी की पूजा- आराधना व,जपतप का कार्य जारी है। शुक्रवार को शहर की सभी समाज सेवी महिलाओं ने यहां आकर मां दुर्गे अंबे की पूरे मनोयोग से पूजा अर्चना की और मातारानी से अपने घर परिवार सहित नगर की सुख, शांति, खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना की इस दौरान श्रीमती मंजू ढोक, श्रद्धा ढोक, सुनीता सोनी प्रवीणा राठौर अन्नु गुप्ता आदि की उपस्थिति में समस्त जनों में फलाहारी प्रसादी का वितरण किया गया।

### कलेक्टोरेट में प्रवेश के लिए रूट निर्धारित, नामांकन के लिए कक्ष तैयार

**कोरबा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले के चारों विधानसभाओं के लिए नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में अधिकारियों की टीम आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है। चूंकि कलेक्टोरेट में ही नामांकन की प्रक्रिया होगी इसलिए यहां अलग-अलग विधानसभाओं के नाम-निर्देशन के लिए कक्ष निर्धारित करने के साथ ही नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश हेतु रूट तय किया गया है। कलेक्टोरेट में विधानसभा क्रमांक 20-रामपुर में नामांकन हेतु कक्ष क्रमांक 05 भू-तल, विधानसभा क्रमांक-21 कोरबा हेतु कक्ष क्रमांक 13 भू-तल, विधानसभा क्रमांक 22-कटघोरा हेतु कक्ष क्रमांक 37 प्रथम तल, विधानसभा क्रमांक 23-पाली-तानाखार हेतु कक्ष क्रमांक 23 भू-तल को निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए परिसर में संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं। पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन हेतु प्रवेश की व्यवस्था कलेक्टर कार्यालय के पीछे कॉफी हाउस के पास प्रवेश द्वारा से की गई है।

# सेक्टर अधिकारी निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** वधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रार्थना भवन में सेक्टर अधिकारियों, उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल के लिए आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण में कहा कि सेक्टर अधिकारी निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी है। सेक्टर ऑफिसर की हैसियत सेक्टर मजिस्ट्रेट की तरह होती है। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में मौजूद लोगों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना हमारा उद्देश्य है। चुनाव संबंधी हर प्रकार के कामकाज के लिए चुनाव आयोग के निर्देश बहुत ही स्पष्ट एवं पारदर्शी है। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़कर आत्मसात कर लें। जिले में विधानसभा चुनाव के लिए 153 सेक्टर अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों की क्लास भी ली। प्रशिक्षण से संबंधित सवाल पूछे और उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कलेक्टर ने बताया कि मतदान पूर्व दिवस की तैयारी में मतदान दलों को सामग्री सहित मतदान केंद्रों में सुरक्षित पहुंचाना, किसी भी प्रकार की शंका होने पर समाधान करना तथा कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करने का दायित्व सेक्टर अधिकारी का है। सेक्टर ऑफिसर अपने पास रिजर्व मतदान सामग्री एवं कार्मिक रखेंगे, जिससे आवश्यकता वाले केंद्रों में पूर्ति की जा सके। सेक्टर अधिकारी कंट्रोल रूम को हर दो-दो घंटे में वोटिंग पर्सेंटेज की जानकारी देंगे। उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी टीम को भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपको पूरी शक्तियां दी गई है। हर एक चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी से करें। उन्होंने कहा कि दोनों टीम आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर एवं किसी भी माध्यम से सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एमटी आलम द्वारा इलेक्शन मैनेजमेंट, लॉ एंड आर्डर, ईव्हीएम की फंक्शनिंग एवं चुनाव से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। सेक्टर अधिकारियों से कहा गया कि वे सभी घटकों जैसे मतदान अधिकारी, नजदीकी पुलिस थाना, कंट्रोल रूम, रिटर्निंग ऑफिसर, बीएलओ इत्यादि का मोबाईल नंबर नोट करके रखें। सेक्टर ऑफिसर के वाहन में लगे जीपीएस के माध्यम से उनके वाहन की निगरानी रखी जाएगी।

# कैट ने पीएम मोदी को ई-कॉमर्स नीति और नियम जल्द लागू करने के लिए भेजी याचिका

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि ई-कॉमर्स नीति और नियमों को तत्काल जारी करने का जोरदार आग्रह करते हुए।




कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के व्यापारियों की ओर से एक याचिका भेज कर कहा है कि विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों द्वारा एफ़डीआई पालिसी के प्रेस नोट 2 की शर्तों के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के कारण भारतीय व्यापारियों के व्यापार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण धीरे धीरे व्यापार चौपट होता जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को अपनी याचिका में कैट ने उल्लेख किया है कि ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों का मसौदा पहले ही डीपीआईआईटी और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा तैयार किया जा चुका है, जैसा कि 2 अगस्त को आयोजित स्टेकहोल्डर्स की बैठक में बताया गया था। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह याचिका देने का कारण इस तथ्य पर आधारित है कि छोटे व्यवसायों द्वारा संचालित भारत के खुदरा व्यापार को विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों से दिन पर दिन खतरा बड़ रहा है क्योंकि यह कंपनियाँ खुले आम एफ्डीआई नीति का उल्लंघन कर देश के बाज़ार को ख़राब कर रही हैं और व्यापार करने के एक समान अवसर बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, जैसा कि एफ्डीआई नीति, 2018 के प्रेस नोट नंबर 2 में स्पष्ट रूप से कहा गया है। ई-कॉमर्स नीति और नियमों के अभाव में वो भारत के बाज़ार में अपनी मनमानी कर रहे हैं।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि ये ऑनलाइन खुदरा विक्रेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं और अन्य सामानों की बिक्री मूल्य को प्रभावित करते हुए नीति का बड़े पैमाने पर उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे खुदरा व्यापार को भारी नुकसान हुआ है और उन्हें गैर-प्रतिस्पर्धी बना दिया गया है और रोजगार का काफी नुकसान हुआ है। यदि ये ऑनलाइन खुदरा विक्रेता कानून के अनुसार व्यापार करते तो हम ई-कॉमर्स उद्योग में अपने स्वयं के कई उद्यमी पैदा कर सकते थे और बाद में लाखों नौकरियां पैदा कर सकते थे।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन और प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने कहा कि यदि हम ई-कॉमर्स क्षेत्र में हमारे अपने उद्यमियों द्वारा लाखों नौकरियां पैदा करने के अवसर और इन कंपनियों द्वारा पूंजी जलाने के माध्यम से मेनलाइन रिटेल में अन्य क्षेत्रों में नौकरी के नुकसान को जोड़ दें, तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण स्तिथि है बल्कि आर्थिक आतंकवाद से कम नहीं है। हमारे देश में, ई-कॉमर्स डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण तत्व है और लाखों व्यवसायों और नौकरियों के सृजन के लिए एक वरदान की तरह है, जो हमारे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता के लिए बहुत आवश्यक है, लेकिन अंतर्दृष्टि और समझ की कमी के कारण हम इन ई-कॉमर्स कंपनियों की सनक और इच्छाओं के कारण अपना व्यापार खो रहे हैं।

व्यापारी नेताओं ने आश्वासन दिया कि भारतीय व्यापारी व्यापार में डिजिटल तकनीक को अपनाने और स्वीकार करने के लिए अधिक इच्छुक हैं, लेकिन समान स्तर का व्यापारिक वातावरण न होने से भारतीय ऑनलाइन रिटेल को एक बड़ा परिदृश्य बनाने का कोई मौक़ा नहीं मिल रहा है।

# निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों




के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर तथा एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम के अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102, 0771-4026201) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

### निष्पक्ष मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के निर्देशन में आज ग्राम कोरकामा के मतदाताओं के बीच स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समस्त ग्रामीणों ने संकल्प लिया की आने वाला विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष रूप से मतदान करेंगे। अनिल रात्रे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी विधानसभाओं के ग्रामों में मतदाता जागरूकता का स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें मतदाता बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभा रहे है। मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।


















# रायपुर एम्स के अकाउंट सेक्शन में फर्जीवाड़ाः रसीद में हेरफेर कर अफसर ने किया 28 लाख का गबन, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संचालित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लाखों की फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। एम्स के वित्त विभाग में कार्यरत लेखा अधिकारी ने फर्जी रसीद व अन्य कुटरचित दस्तावेजों से लगभग 28 लाख रुपए का गबन किया।

इस मामले में एम्स के सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने कनिष्ठ लेखा अधिकारी एम्स टाटीबंध रायपुर योगेन्द्र पटेल व अन्य के खिलाफ धारा 409-IPC, 420-IPC, 467-IPC, 468-IPC, 471-IPC के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

इस मामले में एम्स प्रबंधन की ओर से सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। एम्स में वित्तीय गड़बड़ी का यह पूरा मामला जुलाई-2022 में सामने आया था। कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितिन रामभाऊ वंजारी ने तत्कालीन कुलसचिव प्रो. नितिन आर गायकवाड़ से शिकायत की थी कि कुलसचिव कार्यालय में पीजी जेआर डॉ. अनिरूद्ध मेश्राम ने नो-ड्यूज के साथ जो रसीद दी है, वह पूर्व प्राप्त रसीद संख्या से अलग थी। शक होने पर डॉ. मेश्राम से इसे लेखा विभाग से सत्यापित कराने कहा गया।






वित्त विभाग के अधिकारी योगेंद्र पटेल ने इस प्रकरण में नितिन वंजारी को फोन कर नो ड्यूज करने के लिए कहा और उन्हें ऐसा करने के लिए बीस हजार रुपए की पेशकश की। आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल ने डॉ. मेश्राम से पचास हजार रुपए देने की बात भी स्वीकार की। इस शिकायत के आधार पर एम्स प्रशासन द्वारा पूरे प्रकरण मे की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित की गई। जिसमें प्रो. विनय आरपंडित विभागाध्यक्ष, एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स) शिव शंकर शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी और विनोद एफसीएओ सदस्य बनाए गए।

## नो ड्यूज लेटर के नाम पर ली गई राशि

जांच कमेटी ने जांच में पाया गया कि वित्त एवं लेखा विभाग मे कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी योगेंद्र पटेल ने 20 कर्मचारियों व छात्रो को नो ड्यूज दिया। इनमें प्रमुख रूप से वह कर्मचारी व छात्र शामिल थे जो पद व कोर्स छोड़ने से पूर्व दिए जाने वाले नोटिस समय को पूरा करने की बजाय उसकी एवज में धनराशि जमा कराकर एम्स में नौकरी व कोर्स छोड़ रहे थे। आरोपी योगेंद्र ने इन सभी को एक ऐसी रसीद बुक से रसीद काटकर दी जो उस समय प्रचलित नही थी। इसकी एवज में जो धनराशि व डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित कम्र्रचारी छात्रा ने दिया उसकी एवज में राशि एम्स के खाते में जमा नही हुई।

### 20 प्रकरणों में 27 लाख 89 हजार 400 रुपए का गबन

इस प्रकार 20 प्रकरण में कुल 27 लाख 89 हजार 400 रुपए का कोई विवरण एकाउंट्स विभाग में नहीं मिला। इनके नो ड्यूज या रसीद पर आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल के हस्ताक्षर पाए गए। 13 कर्मचारियों का 10 लाख 82 हजार 754 रुपए का विवरण प्राप्त नहीं हो सका क्योकि इससे संबंधित पूर्ण जानकारी कमेटी को नही मिल पाई। 76 नर्सिंग अधिकारियों के नौकरी छोड़ने के मामलो में से छह नर्सिंग अधिकारियों के नौकरी को छोड़ने के बाद जमा कि गई धनराशि की भी कोई जानकारी नही मिल पाई। जांच कमेटी के सामने आरोपी योगेन्द्र पटेल ने अन्य से भी पूछताछ करने की बात कही। इस पूरे प्रकरण में आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल के अतिरिक्त नौकरी व कोर्स छोडने वाले कर्मचारी छात्र भी शामिल हो सकते है। जांच समिति की अनुशंसा पर प्रबंधन द्वारा आमानाका थाने में एफआईआर कराई गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार, बिहार से लेकर आया था हथियार

**रायपुर (ए)।** कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ अंतरराज्यीय आरोपी रूपेश कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रूपेश कुमार यादव बिहार के जिला छपरा के ग्राम खोरीपारा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को उरला के हाल पता त्रिमूर्ति चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास पांच नग जिंदा कारतूस मिले हैं। आरोपित बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पूछताछ में उसने बिहार छपरा से कट्टा और कारतूस लाना बताया। उरला थाने में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत राजेंद्र नगर रोड पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है। आने जाने वाले लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना पर क्राइम और थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रूपेश कुमार यादव निवासी उरला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा रूपेश कुमार यादव की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा तथा जिंदा कारतूस रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी रूपेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे एक नग कट्टा और पांच जिंदा कारतूस जब्त किया गया।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने धनपूंजी चेक पोस्ट का लिया जायजा

**जगदलपुर (ए)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर व चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित धनपूंजी चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों की जानकारी ली। वहीं चेक पोस्ट में 24 घण्टे निगरानी के लिए स्थापित सीसीटीवी का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दल को सजगता से कार्य सम्पादित किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



# बिना ट्रेड लाइसेंस के चल रहे ओला शोरूम सीलः बेचे गए सभी ई-स्कूटरों का रजिस्ट्रेशन होगा ब्लैकलिस्ट, परिवहन अधिकारी ने की कार्रवाई

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में ई-स्कूटर बनाने वाली कंपनी ओला का शोरूम बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रहा था। दुर्ग आरटीओ ने परिवहन अधिकारी को भेजकर शोरूम संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ओला स्कूटी जब्त कर शोरूम को सील कर दिया है।

दरअसल शुक्रवार को परिवहन निरीक्षक विष्णु ठाकुर ने कोहका मॉल रोड स्थित ओला ई-स्कूटर के शोरूम में औचक निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान विष्णु ठाकुर ने जब शोरूम संचालक से ट्रेडिंग लाइसेंस मांगा तो वो उसे नहीं दिखा सका।

सख्ती से पूछताछ करने पर संचालक ने बताया कि उसने अभी तक ट्रेडिंग का लाइसेंस नहीं लिया और बिना ट्रेड लाइसेंस के ही गाड़ियों की बिक्री पिछले 6 महीने से कर रहा था। आरटीओ इंस्पेक्टर ने तीन ई-स्कूटर को जब्त कर शोरूम को बंद करने की कार्रवाई की है।



चौंकाने वाली बात यह है कि संचालक बिना ट्रेड लाइसेंस के ओला शोरूम संचालित करने के साथ ही यहां वाहनों का आरटीओ रजिस्ट्रेशन भी कर रहा था। किसी दूसरे शोरूम का ट्रेड लाइसेंस उपयोग कर अपने यहां बेची जाने वाली ई-स्कूटी का आरटीओ रिजस्ट्रेशन कर रहा था।

आरटीओ ने उसके यहां से बेचे गए सभी ओला ई-स्कूटर की जानकारी मांगी है। उनका कहना है कि वो सभी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करेंगे। आरटीओ इंस्पेक्टर विष्णु ठाकुर ने बताया कि 6 महीने पहले कैलाश नगर में जॉय कंपनी की एक ई-स्कूटर में आग लगने की घटना हुई थी। वो उसके शोरूम में जांच करने गए थे। जांच के लिए निरीक्षक जॉय के शोरूम में न जाकर ओला के शोरूम में चले गए। उस समय वो शोरूम नया-नया खुल रहा था। इस पर विष्णु ठाकुर ने उसे ट्रेड लाइसेंस लेकर ही शोरूम शुरू करने का निर्देश दिया।

### क्या है ट्रेड लाइसेंस लेने का नियम ?

आरटीओ विभाग के नियम के मुताबिक किसी टू व्हीलर, फोर-व्हीलर, ट्रैक्टर और अन्य माल वाहक वाहनों की बिक्री के लिए संबंधित डीलर को जिले के परिवहन कार्यालय में पंजीयन कराना होता है। इसके लिए उसे ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य होता हैं। ट्रेड लाइसेंस के आधार पर डीलर को टीआरसी नंबर जारी किया जाता है। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा संबंधित वाहन का पंजीयन कर जिले के कोड अनुसार रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाता हैं। लेकिन दुर्ग जिले के भिलाई में ओला जैसी नामी कंपनी के शोरूम में इस नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं।

# घरेलू विवाद में बेटे ने मां को लाठी से पीटकर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी। पारिवारिक विवाद हत्या का कारण बना। घटना 17 अक्टूकर की रात की बताई जा रही है। शराब के नशे में घर पहुंचा युवक अपनी मां से विवाद करने लगा और फिर विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने अपनी मां को लाठी पीट-पीटकर मार दिया। हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला रायपुर के तिल्दानेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलाडी का है।




पुलिस ने बताया कि अमित यादव शराब का आदी है और हमेशा नशे में अपनी मां से विवाद करता रहता है। 17 अक्टूबर की देर रात वह शराब पीकर घर पहुंचा था। इसके उसका अनी मां दशरीथ के बीच विवाद हुआ। यह विवाद धीरे-धीरे मारपीट करने लगा। अमित ने लाठी से बेदम पिटाई कर दी। वहीं दशरीथ यादव के सिर पर गहरा चोट लगने के कारण खून से लतपत हो गई थी। पूरी तरह घायल हो गई थी। पड़ोसी हंगामा सुनकर घर के सामने जुट गए। इसके बाद घायल महिला को तिलदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। वहीं इलाज के दौरान दशरीथ यादव की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अनिल उर्फअमित यादव के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# एसआई भर्ती मामलाः हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश चुनाव आयोग से अनुमति लेकर करें नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** एसआई भर्ती मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेकर नियुक्तियां करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश जारी करते हुए कहा है कि इंटरव्यू में पास हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति जल्द से जल्द की जाए।



बता दें कि साल 2018 में पहली बार राज्य सरकार द्वारा 655 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। लेकिन भर्ती परीक्षा नहीं ली गई। वहीं 2023 में इन पदों को बढ़ाकर 935 कर दिया गया जिनपर इसी साल परीक्षा आयोजित की गई। राज्य की पुलिस विभाग में सबसे बड़ी भर्तियों में से एक एसआई पदों पर 1.5 लाख अभ्यर्थियों ने फार्म भरा था। जिनमें से केवल 1500 अभ्यर्थी इंटरव्यू तक पहुंच पाए। लेकिन इनकी नियुक्ति ना होने की वजह से उनकी तरफसे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

राज्य सरकार ने मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में कहा कि फिलहाल आचार सहिता लागू होने की वजह से पदों पर नियुक्ति रुकी हुई है। जिसपर कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आप चुनाव आयोग से अनुमति लेकर इन पदों पर नियुक्ति करें। मामले पर अब अगली सुनवाई नवंबर महीने के पहले सप्ताह में रखी गई है। पूरे मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की कोर्ट में हुई।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाईः चार दवा दुकान निलंबित, दो को कारण बताओ नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गुणवत्ता परिक्षण रिपोर्ट में कमी पाए जाने पर जिले के अलग अलग मेडिकल दुकानों पर कार्रवाई की गई। विभाग ने जिले के चार मेडिलक स्टोर्स पर निलंबन की कार्रवाई व दो मेडिकल स्टोर्स संचलकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि




प्रशासन डॉ. जेपी मेश्राम के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षकों द्वारा माह अक्टूबर 2023 में कुल 55 निरीक्षण किया गया। इस अवधि में एक औषधि का नमूना डीपीसीओ के अंतर्गत लिया गया। खाद्य औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जानकारी दी कि 08 औषधियों की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हुए। सभी औषधि मानक स्तर के पाए गए औषधि एवं प्रसाधन नियमावली 1945 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दो फर्मो को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

फर्म मेसर्स सिन्हा मेडिकल स्टोर्स धनोरा, मेसर्स प्रेरणा मेडिकोज हडको भिलाई मेस्स ओम श्री साई मेडिकल मालवीय नगर दुर्ग, मेसर्स माता लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स, जुनवानी रोड, भिलाई (कुल 04 फर्म) पर निलंबन की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त जिले के औषधि निरीक्षकों द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 के तहत धमधा क्षेत्र के बस स्टैण्ड, गंडई चौक के पास पानठेला, बीरझापुर के किराना स्टोर्स, सुपारी सेंटर, स्कूलों के आस पास, थाना छावनी क्षेत्र के बस स्टैण्ड, बाजार चौक के पास पानठेला, नंदनी रोड भिलाई क्षेत्र में चालानी कार्रवाई की गई।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर कारण बताओं नोटिस

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा के रिटर्निंग ऑफिसर विनय कुमार सोनी ने आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर श्रमिक सेक्टर-1 गैरेज रोड भिलाई निवासी जहीर खान को आमसभा/कार्यक्रम की ली गई अनुमति से अधिक समय लेकर कार्यक्रम समाप्त करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विगत 18 अक्टूबर 2023 को नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा क्षेत्र में जहीर खान द्वारा सिरसा गेट चौक भिलाई-3 में अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक आमसभा कार्यक्रम की अनुमति लिया गया था। उक्त कार्यक्रम निर्धारित समय से अधिक 4.56 बजे समाप्त हुई। रिटर्निंग ऑफिसर ने इसे अनुमति आदेश का उल्लंघन के साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्री खान को कारण बताओं नोटिस जारी कर 21 अक्टूबर 2023 को संध्या 5 बजे समक्ष उपस्थित होकर कर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। इसके अभाव में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### सेक्टर अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संचालन हेतु सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर क्र. 5 कन्हारपुरी अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 68 साजा (आंशिक) हेतु श्री नरेश दिवान क्रीडा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय जामगांव-आर पाटन, दुर्ग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 253, 254, 255, 256, 258, 269, 248, 247, 251, 249 एवं 250 सम्मिलित है। इसी प्रकार वि.स. क्षेत्र 62 पाटन हेतु संजय कुमार डहरिया सहायक संचालक कार्या. संयुक्त कार्यालय कृषि दुर्ग को रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। धमधा सेक्टर अंतर्गत वि.स. क्षेत्र 68 साजा (आंशिक) हेतु लक्ष्मेंद्र कुलदीप, क्रीडा अधिकारी, शा.वि.या.ता. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग 9893670222 को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 235, 239, 236, 237, 238, 241, 240, 210, 245, 244, 242 एवं 243 सम्मिलित है। सेक्टर क्र. 1 अंतर्गत वि.स. क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण हेतु सुश्री प्रतिभा बंजारे सहायक अभियंता कार्या. अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी दुर्ग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आसोज मास की शाश्वत् नवपद ओली की आराधना प्रारंभ

**दुर्ग।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आसोज मास की शाश्वत् नवपद जी ओली की आराधना प.पू. आचार्य देवेश श्रीमद् हेमप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी प.पू. साध्वी मुक्तिप्रिया जी मसा आदि ठाणा 12 की निश्रा में आज से प्रारम्भ हुई। नवपद जीआराधनार्थ नादिया (राज.) से नथमल जैन, बाबीबेन जैन अहमदाबाद से कु. कशीश जैन, नीलाबेन जैन, बेंगलोर से रोहिणीबेन मुथा, सूरजदेवी जैन, मधुदेवी जैन, विशाखापट्टनम् से मोहनीबेन, सांकलिया बेन, जयश्री बेन, ज्योत्सनाबेन, रेणुका बेन, चेन्नई से कमलाबाई भंडारी, सुरेश कुमार जैन, शांतिलाल जैन, धमतरी राकेश लोढा आदि देशभर से आराधक तीर्थ में आराधनारत है।

# जेएलएन अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र की संक्रमण नियंत्रण समिति ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर 15 से 21 अक्टूबर, 2023 तक अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह - 2023 (आईआईपीडब्ल्यू) मनाया। चिकित्सा विभाग द्वारा अस्पताल की संक्रमण नियंत्रण समिति के तत्वाधान में 2012 से प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह 2023 की थीम है सेलिब्रेट द फंडामेंटल ऑफ इंफेक्षन प्रिवेंषन। इस वर्ष की थीम प्रत्येक मनुष्य को संक्रमण की रोकथाम की बुनियादी सिद्धांतों पर वापस लौटने के लिए प्रेरित करता है। किसी भी स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रिया में संक्रमण की रोकथाम रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए अति आवष्यक है। संक्रमण की रोकथाम के महत्व को उजागर करने और रोगी की सुरक्षा में प्रत्येक पहलू की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, प्रतिवर्ष दुनिया भर में अक्टूबर माह में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह (आईआईपीडब्ल्यू) मनाया जाता है। चिकित्सा कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के बीच संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे सप्ताह, चिकित्सा विभाग की सभी इकाइयों में संक्रमण रोकथाम गतिविधियों की एक श्रृंखला और पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संक्रमण रोकथाम सप्ताह के विषय पर आधारित 'अपने ज्ञान का परीक्षण करें', जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जेएलएन अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह (आईआईपीडब्ल्यू)-2023 का प्रारंभ 16 अक्टूबर को सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम एसीएमओ डॉ एन एस ठाकुर, एसीएमओ (एम एंड एचएस) डॉ त्रिनाथ दास तथा डॉ आकांक्षा शर्मा सहित नर्सेस प्रथिमा गोस्वामी, राजेश्वरी और सलावती ने भाग लिया। पी जी कॉलेज ऑफनर्सिंग के छात्राओं द्वारा स्कूली बच्चों में संक्रमण की रोकथाम के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 17 अक्टूबर को पोस्टर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (एम एंड एचएस) डॉ रवींद्रनाथ एम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ पी बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ विनीता द्विवेदी (सीएमओ) और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर और विभिन्न विभागों के विषेषज्ञ चिकित्सकगण भी उपस्थित थे।

### डेंगू के 2 नये प्रकरण मिले

**दुर्ग।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 20 अक्टूबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 02 प्रकरण मिले है। वर्तमान में 03 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग क मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव 02 नये भर्ती मरीजो मे से 01 अम्बेडकर नगर भिलाई और 01 एम.एस.सी.एल. कॉलोनी रुआबांधा के रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 151642 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये।

# बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय विजेता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल टीम ने सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। रूंगटा महाविद्यालय आर0 वन0 द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में अपने पिछले दस वर्षों के जीत को बरकरार रखते हुए इस साल भी सुराना महाविद्यालय, दुर्ग को 70-21 अंकों से परास्त कर एकतरफा जीत हासिल किया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सेमीफाईनल में सेन्ट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई को 52-15 से परास्त किया।

महाविद्यालय टीम का नेतृत्व पूनम नायक (कप्तान) ने किया एवं अन्य खिलाड़ी अर्चना निषाद, आंचल यादव, ज्योति प्रजापति, आरती सिंह, डी0 अश्वनी, पिंकी जेना, ए0 अर्चना टीम मैनेजर मधु पाण्डेय, प्रशिक्षक श्री रूपेश साहू थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि में उन्हें बधाई दी। महाविद्यालय की क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे, क्रीडा संयोजक डॉ0 सुषमा यादव, जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं दी।

# स्वच्छ मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य,मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जुड़ रहे नागरिक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** विधानसभा चुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के छटवें दिन बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई और घर घर जाकर नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलाए। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर नवरात्र के नौ संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला समूहों, मितानीन एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति, धर्म, भाषा के भय, लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज छटवें दिन स्वास्थ्य संकल्प अर्थात स्वास्थ्य सेवा में संलग्न रहने वालों को आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिया गया। भिलाई निगम के आजीविका मिशन के महिला समूहों के सदस्यों द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिला का समूह एकत्रित होकर उन्होंने मतदान हमारा अधिकार, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, बिना किसी भेदभाव के, बिना कोई डर और उंच नीच जात पात से उठकर स्वच्छ मतदान करने संकल्प लिए साथ ही अपने रिश्तेदार व घर परिवार के सभी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भरोसा दिलाए।

इसी प्रकार सेक्टर 09 स्थित पीजी नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई करने वाली छात्राओं तथा बैकुंठधाम मांगलिक भवन में बड़ी संख्या में मितानीनें शामिल हुई जिन्होंने स्वंय तथा समाज के हर व्यक्ति को मतदान शामिल होकर लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए।

# नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज से प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा निवार्चन-2023 के अंतर्गत आज 21 अक्टूबर से जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकते हैं। अभ्यर्थी विधानसभावार नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों को 30 अक्टूबर 2023 तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए विपुल कुमार गुप्ता को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है।

वे कलेक्टोरेट कार्यालय के भूतल कक्ष क्रमांक 29 (एसडीएम छावनी का कोर्ट कक्ष) में अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। इसी प्रकार विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए रिटर्निंग अधिकारी मुकेश रावटे भूतल कक्ष क्रमांक 33 (सांख्यिकी लिपिक शाखा कक्ष) में, विधानसभा क्रमांक 64 दुर्ग शहर के लिए रिटर्निंग अधिकारी अरविंद कुमार एक्का भूतल कक्ष क्रमांक 31 (एडीएम कोर्ट कक्ष) में, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के लिए रिटर्निंग अधिकारी रोहित व्यास को भूतल कक्ष क्रमांक 32 (अपर कलेक्टर कोर्ट कक्ष) में, विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के लिए रिटर्निंग अधिकारी हरवंश सिंह मिरी को भूतल कक्ष क्रमांक 39 (नजूल अधिकारी का कोर्ट कक्ष) में एवं विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा के लिए रिटर्निंग अधिकारी विनय कुमार सोनी को प्रथम भूतल कक्ष क्रमांक 20 (राजस्व लेखापाल शाखा का कक्ष) में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। नामांकन की प्रक्रिया पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगी। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की 31 अक्टूबर 2023 को स्कूटनी की जाएगी। 02 नवम्बर 2023 को नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

जिले में 17 नवम्बर 2023 को मतदान एवं मतगणना 3 दिसम्बर 2023 को होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन के लिए कलेक्टोरेट में सीमित लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी के साथ केवल चार लोग ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष तक पहुंचेंगे। कलेक्टोरेट के गेट पर तीन लेयर की जांच के बाद प्रवेश दिया जाएगा। नामांकन की विडियोग्राफी करायी जाएगी। वहीं सीसीटीवी कैमरे से पूरी नजर रखी जाएगी।

### कलेक्टर ने किया व्यवस्था का निरीक्षण

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा और एसएसपी आरके गर्ग ने आज जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिटर्निंग ऑफिसरों के कक्ष में नामांकन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर में बैरीकेट, वाहन पार्किंग, अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश तथा समर्थकों को रोकने आदि व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर एवं एस.एस.पी. ने अधिनस्थ अधिकारियों को निर्वाचन नामांकन के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है।

# प्रेक्षकगणों की सुविधा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी की ड्यूटी में किया गया संशोधन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा प्रेक्षकगणों हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए नोडल अधिकारियों में संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त, आबकारी, मो. न. 9301594744 एवं दीपक मिश्रा, उपसंचालक, खनिज, मो. न. 9827487874 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारियों के समन्वय एवं निर्देशन में लायजनिंग अधिकारी भी नियुक्त किए गए है।

विधानसभा क्र. 62 पाटन हेतु प्रेक्षक नितिन सिंह भादुरिया 9456593401 एवं लाइजनिंग अधिकारी चन्द्रशेखर परदेशी, वनमण्डलाधिकारी, दुर्ग, मो.न. 8830533501 को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार वि.स. 63 दुर्ग ग्रामीण 64 दुर्ग शहर हेतु प्रेक्षक श्री लालवेना एवं लाइजिंग अधिकारी भोलाशंकर बघेल 9425258708 मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, रिजर्व में श्रीमती भूमिजा गबेल कार्यपालन अभियंता ग्रामीण सड़क नेटवर्क प्रबंधन इकाई, सुनील कुमार जैन कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा एवं देवेश महेश्वरी कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण संभाग को नियुक्त किया गया है।

# रोका छेका अभियान के तहत निगम क्षेत्र से 40 आवारा पशुओं की हुई धरपकड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज फिर अभियान चलाकर आवारा मवेशियों की धरपकड़ की दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में रोका छेका अभियान चलाया गया।टीम द्वारा रायपुर नाका से लेकर पुलगांव चौक तक सड़क पर घूमते हुए पाये गए मवेशियों को युद्ध स्तर पर पकड़ने की कार्रवाही की गई। आज जिसके तहत 40 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठानो में पहुँचाया गया।**



शहर के मुख्य मार्गों, चौक- चौराहों और बाजार क्षेत्र में आवारा मवेशी घूमते करते नजर आते हैं।

इसकी वजह से आम नागरिको को आवागमन में परेशानी होती हैं। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेश और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर आज फिर चलाया गया धरपकड़ अभियान, दुर्ग निगम क्षेत्र में रोका छेका अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के द्वारा स्वयं फील्ड में आकर अतिक्रमण अधिकारी को निर्देश दिया की कोई भी मवेशी मुख्य मार्गो में नहा पाया जाना चाहिए ओर अगर दिखाई देता है तो तत्काल मवेशियों को पकड़कर गौठान में भेजवाया जाए।

निगम द्वारा जिसके तहत मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाही की ओर 40 मवेशियों को पकड़कर छोड़ा गया। रायपुर नाका से लेकर पुलगांव क्षेत्र सहित शहर अन्य जगहों से पकड़ा गया। अतिक्रमण अधिकारी दुर्गश गुप्ता ने बताया कि शहर में आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। लगातार अभियान में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने योजना बनाकर कार्य कर रहे है। सभी क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए नगर निगम की टीम चार काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है, नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़े और अभियान में सहयोग प्रदान करें।उन्होंने कहा की मवेशी पकड़ने की कार्रवाही निरन्तर कार्रवाही जारी रहेगी।

# संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने ओवन पुशिंग में रचा कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने ओवन पुशिंग में मासिक कीर्तिमान के साथ, दैनिक कीर्तिमान बनाने में भी सफलता हासिल की है ।कोक ओवेन एवं कोल केमिकल विभाग ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओवेन पुशिंग अगस्त माह में दर्ज करते हुए 826 ओवेन पुशिंग का कीर्तिमान हासिल किया है।**



यह ओवन पुशिंग, अगस्त माह एवं आज तक का सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग है। अगस्त माह में, कुल ओवन पुशिंग 25200 का हुआ है, जो अब तक के मासिक ओवन पुशिंग में सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान है। इससे पूर्व 30 अप्रैल 2023 को 825 ओवन पुशिंग करके दैनिक कीर्तिमान बनाया गया था तथा मई 2023 में, कुल ओवन पुशिंग 24986 का दर्ज किया गया था। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने अप्रैल से सितम्बर 2023 की पहली छः माही के दौरान भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 802 ओवन पुशिंग की औसत दर दर्ज की है।

विभाग की इस सफलता पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार तथा शीर्ष प्रबंधन ने, कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के सभी कार्मिकों की सराहना की है।

कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग द्वारा यह नया कीर्तिमान, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसीडी) तरुण कनरार के नेतृत्व में हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950